• जयपुर, रविवार, 21 जुलाई 24 • वर्ष 13 • अंक 329 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**
''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 मशहूर प्रॉपर्टी डीलर एवं स्टाम्प विक्रेता की पत्नी को चाकुओं से गोदकर...
पेज @4 सोनू सूद का आंध्र प्रदेश की छात्रा से वादा, नहीं रुकेगी आपकी पढ़ाई...
पेज @8 » सोच बदलो- गांव बदलो टीम के द्वारा अनोखी पहल...

एक पेड़ गौ माता के नाम अभियान का शुभारंभ, गौशाला में लगाए गए 7500 से अधिक पौधे

# हिंगोनिया गौ पुनर्वास केन्द्र में पौधरोपण कार्यक्रम हरियाली तीज पर प्रदेशभर में एक दिन में लगाए जाएंगे 1 करोड़ पौधे

## प्रकृति पूजा हमारी सांस्कृतिक परम्परा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 20 जुलाई।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति में प्रकृति पूजा की परंपरा है। हम पेड़, नदी, पहाड़ सभी की पूजा करते हैं। हमारे पूर्वजों ने इसे संस्कृति से जोड़कर पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत कार्य किया है। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के साथ यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का प्रकृति की सेवा और मां के प्रति सम्मान का भाव जुड़ा हुआ है। शर्मा शनिवार को जयपुर ग्रामीण जिले मे स्थित हिंगोनिया गौ पुनर्वास केन्द्र में पशुपालन, गोपालन, डेयरी और देवस्थान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सघन वृक्षारोपण अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने आगामी हरियाली तीज (7 अगस्त) पर पूरे प्रदेश में एक दिन में 1 करोड़ पौधे लगाए जाने की घोषणा की।

### ● प्रधानमंत्री मोदी सामाजिक सरोकारों के सूत्रधार

» शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हमेशा सामाजिक सरोकारों के सूत्रधार रहे हैं। उन्होंने देश में 'स्वच्छ भारत अभियान' की शुरूआत की, जिससे लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आई। प्रधानमंत्री ने महिला लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकारों की इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए श्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की अभिनव पहल की है।



### ● वैचारिक समृद्धता उन्नत एवं विकसित राष्ट्र की पहचान

मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब युवा 18 वर्ष का होता है तो उसे मतदान का अधिकार मिलता है, लेकिन इस अधिकार के साथ कई दायित्व भी साथ में जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हमें जिम्मेदार और जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य निभाना होता है। उन्होंने युवाओं से आ''ान किया कि वे अपने माता-पिता, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्नत राष्ट्र की पहचान भौतिक विकास से नहीं बल्कि वहां के लोगों की वैचारिक समृद्धता से होती है क्योंकि विचार समृद्ध होते हैं तो राष्ट्र भी विकसित होता है। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए ऑक्सीजन का स्रोत हैं, धरती को उपजाऊ बनाते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए पौधरोपण करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।
कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने गौशाला परिसर में कदंब एवं आम के पौधरोपण के साथ अभियान का शुभारंभ किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मंदिर में दर्शन किए तथा गौ पूजन किया। कार्यक्रम में जाते समय विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का बड़े उत्साह के साथ स्वागत-सत्कार किया।

### ● पर्यावरण संरक्षण के साथ गौवंश के लिए भी होगा लाभकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ गौवंश को भी लाभ पहुंचाएगा। पेड़ों से मिलने वाली छाया गौवंश को गर्मियों में राहत देगी। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से आ''ान किया कि वे सभी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व निभाएं तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान को राजस्थान में सफल बनाएं और पूरे भारत में एक मिसाल स्थापित करें।
कार्यक्रम में पशुपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' तथा एक पेड़ गौ माता के नाम अभियान के तहत मिशन वन रक्षण 2024 के अंतर्गत प्रदेश में 25 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान राज्य के गोपालन, देवस्थान, डेयरी एवं पशुपालन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जाएगा।

### ● 'हरियालो राजस्थान मिशन' से राजस्थान बनेगा हरित प्रदेश

उल्लेखनीय है कि राजस्थान को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने के लिए वर्ष 2028 तक वन क्षेत्र में 20 हजार हेक्टेयर की वृद्धि करने की घोषणा परिवर्तित बजट 2024-25 में की गई है। 'हरियालो राजस्थान मिशन' के अंतर्गत आगामी पांच साल में 4 हजार करोड़ रुपये की राशि से प्रदेश में 50 नई नर्सरी, प्रत्येक जिले में आमजन की सहभागिता से एक-एक मातृवन की स्थापना, खेजड़ली-जोधपुर में अमृतादेवी बिश्नोई इंडिजनस प्लांट म्यूजियम की स्थापना, एक जिला एक नस्ल कार्यक्रम, वन धन कार्यक्रम चलाने जाने के साथ ही 2 हजार स्थानीय व्यक्तियों को वन मित्र बनाया जाएगा। साथ ही, प्रदेश की सभी विकास परियोजनाओं में ग्रीन ग्रोथ के सिद्धांत का समावेश करने के लिए आगामी वर्ष से राज्य का ग्रीन बजट प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, जयपुर ग्रेटर महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर, जयपुर जिला प्रमुख श्रीमती रमा देवी चोपड़ा, प्रमुख शासन सचिव पशुपालन विकास सीतारामजी भाले, श्रीकृष्णा बलराम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अमितासन दास सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

**न्यूज़ अपडेट**

## 21 दिनों में 3.75 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**जम्मू/एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा के दौरान अब तक करीब 3.75 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, जबकि शनिवार को 3,471 तीर्थयात्री घाटी के लिए रवाना हुए।अधिकारियों ने बताया कि इस साल 29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से पिछले 21 दिनों में करीब 3.75 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बारिश और गरज के साथ छींटे पडने् के बावजूद शुक्रवार को 11,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। एक अधिकारी ने बताया, शनिवार को 3,471 यात्रियों का एक और जत्था जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह 3 बजे 35 वाहनों में 1,073 यात्रियों पहला जत्था बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ, जबकि 3.45 बजे 79 वाहनों में 2398 यात्रियों का दूसरा जत्था दक्षिण कश्मीर नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ।

## जालंधर में आर्मी वाहन को ट्रक ने मारी टक्कर, 6 जवान घायल

**जालंधर/एजेंसी।** पंजाब के जालंधर में लुधियाना हाईवे पर दो ट्रकों की टक्कर से भीषण हादसा हो गया। एक निजी कंपनी के ट्रक से आर्मी का वाहन टकरा गया, जिसमें 6 जवान घायल हो गए। घायलों में सभी आर्मी के जवान हैं। घायलों को आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।हादसा शनिवार सुबह 6 बजे हुआ। हादसे के बाद निजी कंपनी ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि जालंधर के सूची पिंड के पास बने इंडियन ऑयल डिपो के पास हाईवे पर एक आर्मी की गाड़ी पीएपी चौक से पठानकोट चौक की तरफ जा रही थी। उसी वक्त उसी रास्ते से एक निजी कंपनी का ट्रक भी जा रहा था। हादसा इसी के ट्रक का टायर फटने की वजह से हुआ। टायर फटने की वजह से ट्रक बेकाबू हो गया और सड़क पर बने डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी तरफ जा रहे आर्मी के ट्रक से जा टकराया।

# गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकियों पर नियंत्रण के लिए की उच्च स्तरीय बैठक

नई दिल्ली/एजेंसी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक करते हुए आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक इको-सिस्टम को खत्म करने के लिए सभी एजेंसियों के बीच अधिक तालमेल पर जोर दिया।
देश की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के उत्तरदायी आईबी के मल्टी एजेंसी सेंटर की कार्यप्रणाली की समीक्षा के लिए नई दिल्ली में



एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने देशभर की खुफिया और प्रवर्तन एजेंसियों सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सरकार का दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने देश में उभरते सुरक्षा खतरे के परिदृश्य से निपटने के लिए आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक इको-सिस्टम को खत्म करने के लिए सभी एजेंसियों के बीच अधिक तालमेल पर जोर दिया। देश की समग्र आंतरिक सुरक्षा स्थिति और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की समीक्षा करते हुए गृहमंत्री ने सभी प्रतिभागियों से मल्टी एजेंसी सेंटर में अपनी भागीदारी बढ़ाने और इसे एक सामंजस्यपूर्ण मंच बनाने के लिए कहा, जो निर्णायक और त्वरित कार्रवाई के लिए सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों, ड्रग्स-रोधी एजेंसियों, साइबर सुरक्षा व खुफिया एजेंसियों को एक साथ लाता है। गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि एमएसी ने अपने घटकों का विश्वास अर्जित किया है और इसे अंतिम रिस्पांडर्स सहित विभिन्न हितधारकों के बीच प्रो-एक्टिव और रियल टाइम कार्रवाई योग्य जानकारी साझा करने के लिए एक मंच के रूप में 24 घंटे काम करना जारी रखना चाहिए। बैठक के दौरान अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा में शामिल सभी एजेंसियों से युवा, तकनीकी रूप से कुशल जोशीले अधिकारियों की एक टीम गठित करने पर जोर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यूजी नीट परीक्षा परिणाम दोबारा जारी

नई दिल्ली/एजेंसी।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने दोबारा यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। एनटीए ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा के परिणाम अपलोड किए हैं। परीक्षा के परिणाम शहर और केंद्र के अनुसार अलग-अलग घोषित किए गए हैं। इसमें छात्रों की पहचान गुप्त रखी गई है। यूजी नीट परीक्षा के रिजल्ट जारी होने के बाद अब जल्द ही काउंसलिंग के लिए शेड्यूल जारी किया जाएगा। अभ्यर्थियों की रैंक के अनुसार उन्हें तय काउंसलिंग सेंटर पर पहुंच कर अपना दाखिला कराना होगा। काउंसलिंग की प्रक्रिया के बाद अभ्यर्थी डेंटल, आयुष और नर्सिंग स्नातक प्रवेश पाठ्यक्रमों में हिस्सा ले सकेंगे।
बता दें कि इस साल नीट यूजी परीक्षा 5 मई को आयोजित की गई थी। इसमें 2,40,6079 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया था। इनमें से 2,33,3297 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी। इसके बाद एनटीए से जारी पहले परीक्षा परिणाम में 1,31,6268 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया था।
बाद में इसमें धांधली का मामला सामने आया जिस पर देश भर में हंगामा मचा। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और इसके रिजल्ट को दोबारा घोषित करने की याचिकाएं डाली गई थी।

20 सरपंचों को राज्य स्तर पर किया गया सम्मानित

# यशस्वी सरपंच राज्य स्तरीय सम्मान समारोह जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सरपंच अहम कड़ी गांवों का सर्वांगीण विकास हमारी सरकार का ध्येयः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 20 जुलाई।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरपंच शासन की सबसे छोटी किंतु सबसे महत्वपूर्ण इकाई होता है। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सरपंच ही धरातल पर उतारता हैं। सरपंच पूरे गांव का प्रतिनिधि होता है इसलिए उसे भेदभाव किए बिना दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ गांव के विकास के लिए कार्य कराने चाहिए।
शर्मा शनिवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में यशस्वी सरपंच राज्य स्तरीय सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गांवों के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले 20 सरपंचों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सरपंचों को अपनी ग्राम पंचायतों के आय के स्रोत बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए जिससे वे केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाली निधि के अलावा अपने स्तर पर भी विकास कार्य करवा सकें। गांवों में पानी, सड़क, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी तो गांवों से पलायन को रोका जा सकता है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में पंचायतीराज का ढांचा बहुत विस्तृत और सुदृढ़ है। राज्य में 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के विकास को गति दी जा रही है। हमारी सरकार पंचायतीराज व्यवस्था को मजबूत करने तथा गांवों के सर्वांगीण विकास पर पूरा जोर दे रही है।






### प्रधानमंत्री ने 'वोकल फॉर लोकल' से स्थानीय उत्पादों को दिया बढ़ावा

शर्मा ने कहा कि देश की आजादी के बाद बनी सरकारों ने केवल बड़े उद्योगों को बढ़ावा दिया जिससे गांव में चलने वाले लघु और कुटीर उद्योग कमजोर हुए। लेकिन वर्ष 2014 के बाद यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वोकल फॉर लोकल का नारा देते हुए स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन और संरक्षण दिया। जिससे लघु एवं कुटीर उद्योग मजबूत हुए तथा छोटे-छोटे उद्यमियों को संबल मिला।

### "सरपंच के रूप में मैंने भी देखा विकास का सपना"

शर्मा ने कहा कि एक सरपंच के रूप में मैनें भी गांव के विकास का सपना देखा है और गांव से मेरा जुड़ाव आज भी कम नहीं हुआ है। लोगों की आशाओं को पूरा करने और सकारात्मक बदलाव की हिम्मत जुटाने की चुनौतियों को मैंने करीब से देखा है। उन्होंने सरपंचों से आ''ान किया कि बिना किसी दबाव में आए पूर्ण निष्ठा से अपनी ग्राम पंचायत के विकास के लिए जुटे रहें। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह ने कहा था कि गांव का विकास होगा तो देश भी समृद्ध होगा। इसी तरह स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का भी गांवों के प्रति लगाव था। उन्होंने अभियान चलाकर देश के हर गांव को सड़क से जोड़ा। कार्यक्रम में विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पत्रकारों सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# गुरु की प्रतिष्ठा स्थापित हो!

आज की दुनिया में गूगल गुरु, चैट जी पी टी, सिरी, इलेक्ट्रा आदि–आदि छोटे बड़े अनेक कृत्रिम मेधा (एआई) वाले गुरु दस्तक दे चुके हैं। उनकी भरमार होने के बावजूद गुरु जी, मास्टर जी, उस्ताद जी, और सर अभी भी महत्वपूर्ण बने हुए हैं। उनसे जो विद्यार्थी को जो जीवंत संस्पर्श मिलता है उसका कोई विकल्प नहीं है। गुरु से दीक्षा, निर्देश पाने और पाठ पढ़ने का अपना ही रस और आकर्षण होता है। गुरु की झिड़की, डांट, प्यार और दुलार सभी आशीर्वाद होता है क्योंकि उसमें शिष्य के लिए कल्याण का भाव छिपा रहता है। प्राचीन काल से ही लोक में यह प्रसिद्धि व्याप्त है कि गुरु की महिमा अपरिमित है और इसलिए अवर्णनीय है। उसका विस्तार इतना है कि उसे समेटना और व्यक्त करना किसी सामान्य आदमी के बस की बात नहीं।

उपनिषदों में कई कथाएं गुरुओं को लेकर हैं। भारतीय समाज में गुरु एक अकेला व्यक्ति न रह कर एक संस्था का रूप ले चुका है और गुरु– शिष्य की महान जोड़ियों की अनेक प्रचलित कथाएं विश्वविश्रुत हैं। श्रीकृष्ण के गुरु सांदीपनि हैं तो श्रीराम के विश्वामित्र। देवताओं के गुरु वृहस्पति तो राक्षसों के शुक्राचार्य। कौरवों और पांडवों दोनों के गुरु द्रोणाचार्य थे। चंद्रगुप्त के गुरु चाणक्य थे तो शिवाजी के गुरु समर्थ रामदास थे। गुरु स्वतंत्रचेता और स्वाधीन होता है। इस तरह की परंपरा आगे भी चलती रही। समाज, संस्कृति और राजनीति हर क्षेत्र में गुरु की भूमिका क्रांतिकारी रही है। अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला सबका पूज्य गुरु महनीय होता है। शिक्षा के संदर्भ में गुरु शिष्य की प्रतिभा के उन्मेष को संभव करता है। वह शिष्य में छिपी संभावना को आकार देता है। वह निर्माता की भूमिका में रहता है। चूंकि संभावना का ओर–छोर नहीं होता उसकी पैमाइश कठिन होती है। इसीलिए गुरु को ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर ही नहीं परब्रह्म का साक्षात रूप कहते हुए सर्वाधिक आदर दिया जाता है। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि गुरु अपने शिष्य का रूपांतरण करता है। वह सृष्टिकर्ता ब्रह्मा की तरह अपने शिष्य को नया कलेवर या नया जन्म देता है। वह विष्णु और महेश की तरह शिष्य का भरण–पोषण और रक्षा करता है, उसे अभय प्रदान करता है और यशस्वी बनाता है। ऐसे में यदि गुरु की सत्ता को ज्ञानरूपी परब्रह्म के मूर्तिमान रूप को प्रकट करने वाला कहा जाए तो यह स्वाभाविक ही है। गुरु कोई निष्क्रिय ठोस भौतिक पदार्थ न होकर क्रिया के रूप में होता है जो शिष्य को ज्ञान की राह पर ले जाने वाली होती है। ज्ञान की यात्रा अज्ञात और नई जगह की यात्रा जैसी होती है। इस यात्रा में अज्ञात का जोखिम तथा भय होता है वहीं नए अनुभव का आनंद और दृष्टि के विस्तार का आकर्षण भी रहता है। अपरिचय से उपजी असुरक्षा और नव्य–नूतन से जुड़ी रमणीयता इन दो के द्वंद्व के बीच ज्ञान के दुर्गम पथ पर शिष्य की यात्रा तय होती है। गुरु इस यात्रा–पथ को प्रकाशित करता है और विद्यार्थी का मार्ग प्रशस्त करता है, उसे सुगम बनाता है।

गुरु विद्यार्थी को ज्ञान के क्षेत्र में पारंगत बना कर उसे अपने से भी आगे जाने की कामना करता है। शिष्य सामान्य जीवन में अग्रसर होता है और गृहस्थ के रूप में अपने दायित्व का निर्वाह करता है। भारतीय परम्परा में गुरु यह कार्य निरंतर करता चला आ रहा है। वह ज्ञान के संरक्षक, संशोधक, वाहक और प्रदाता की भूमिकाओं में कार्य करता आ रहा है। वह इन सबके बीच संतुलन बना कर चलता है। शिष्य के रूप में विद्यार्थी एकांत भाव से ज्ञान की साधना और स्वयं अपने परिष्कार के लिए समर्पित रहता है। वस्तुतः वह शिक्षा के द्वारा संस्कृत होता है। इस क्रम में उसके अज्ञान और दोषों का परिहार तथा गुणों का प्रस्फुटन होता है। गुरु और शिष्य के बीच भरोसे और विश्वास का प्रगाढ़ रिश्ता होता है जिसके आधार पर अगली पीढ़ी के लिए ज्ञान का उद्घाटन और ग्रहण का कार्य पूरा होता है। यह शिक्षा की यह प्रक्रिया वस्तुतः दुतरफा होती है जिसकी जिम्मेदारी दोनों पर टिकी होती है। यह अवश्य है कि गुरु आयु और ज्ञान दोनों ही दृष्टि से शिष्य की तुलना में श्रेष्ठ होता है। गुरु एक आदर्श या माडेल के रूप में आचरण को व्यवहार में उतार कर दिखाता है। इस तरह वह ज्ञान के प्रवाह को संभव बनाता है। ज्ञान के महत्व को भारतीय समाज में प्राचीन काल से ही महत्व मिलता आ रहा है। अविद्या या अज्ञान दुःख का सबसे बड़ा कारण माना गया है। ज्ञान के बिना कष्टों से छुटकारा नहीं मिल सकता–ऋते ज्ञानान्नमुक्तिः। इसके लिए नगर से दूर जंगल में गुरुकुल बने जहां बिना किसी तरह के विघ्न के शिक्षा दी जा सके। गुरु सिर्फ ज्ञान का हस्तांतरण नहीं करता था बल्कि यह भी सुनिश्चित करता था कि उस ज्ञान का प्रयोग हो रहा है कि नहीं। वह पुराने को न आंख मूंद कर सही मानता था और न नए की नए होने के कारण उपेक्षा करता था। वह दोनों की जांच–बूझ कर जो प्रामाणिक निकलता था उसे स्वीकार करता था।

ज्ञान की दुनिया में अनुकरण और अनुसरण की नहीं आलोचक बुद्धि और सर्जनात्मक दृष्टि का मूल्य होता है। वर्तमान परिस्थिति में ज्ञान के आदान–प्रदान की व्यवस्था सामाजिक संदर्भ में घटित होती है और उसका सम्पादन सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक शक्तियों के अधीन हो रहा है। आस–पास की दुनिया में हो रही अच्छी बुरी घटनाएँ उसे प्रभावित ही नहीं आच्छादित भी कर रही हैं। आज गुरु और शिष्य दोनों ही इस बदलते परिवेश से प्रभावित हो रहे हैं। आज शिक्षा केंद्र से बाहर की दुनिया ही उनके ध्यान के केंद्र होता है। उनकी भावनाएँ और प्रेरणाएं उसी परिवेश में पुष्पित–पल्लवित होती हैं। परिवार, बाजार, मीडिया और समुदाय के घेरों के बीच प्रौद्योगिकी के अधीन वह जीने का आदी हो रहा है। अध्यापक परीक्षा–गुरु हो गया है और वित्त की आकांक्षा प्रबल होती जा रही है। नैतिक मूल्य के प्रतिबद्धता घट रही है और शिक्षक अपने कार्य को दूसरे व्यवसायों की ही तरह देखने लगा है। गुरु को भी समाज में अब पहले जैसा आदर नहीं मिलता। इस दुरवस्था के कई कारण हैं। सरकार द्वारा बढ़ती उपेक्षा के कारण भारतीय शिक्षक को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और शिक्षा की गुणवत्ता घट रही है। निजीकरण और वैश्विक प्रवृत्तियों के असर में समान कार्य के लिए शिक्षकों को वेतन और अन्य सुविधाएं भी एक सी नहीं रह सकी हैं। इन सबके चलते शिक्षा कामचलाऊ और निष्प्राण होती जा रही है। गुरु की प्रतिष्ठा की पुनर्स्थापना से ही सार्थक शिक्षा आयोजित हो सकेगी और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकेंगे।

# सेवा-समर्पण का पर्व है गुरु पूर्णिमा



योगेश कुमार गोयल

प्राचीन काल से ही गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु की पूजा करने का चलन है, जो इस वर्ष 21 जुलाई को मनाई जा रही है। दरअसल प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। गुरु पूर्णिमा का संबंध महाभारत के रचयिता महर्षि श्रीकृष्ण द्वैपायन से जुड़ा है, जिनका जन्म इसी दिन हुआ माना जाता है। संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान महर्षि द्वैपायन ने ही सनातन धर्म के चारों वेदों की रचना की थी, इसीलिए उन्हें महर्षि वेद व्यास के नाम से जाना गया। वैसे तो गुरु पूर्णिमा का पर्व शास्त्रों में गुरुओं को समर्पित है लेकिन सही मायनों में यह आदिगुरु वेद व्यास के सम्मान में ही मनाया जाता है और इसीलिए इसे 'व्यास पूर्णिमा' भी कहा जाता है। महर्षि वेद व्यास ने एक लाख श्लोक वाला महाभारत, 18 पुराण और ब्रह्मा–सूत्र की रचना के साथ एक वेद को चार वेदों में विस्तारित कर समस्त संसार को ज्ञान से प्रकाशित किया था, इसीलिए उन्हें आदि–गुरु का दर्जा प्राप्त है। हिन्दू धर्म में तो गुरु को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है और गुरु की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा भी गया है कि गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है, गुरु ही शंकर है, गुरु ही साक्षात परब्रह्म है, ऐसे सद्गुरु को प्रणाम। गुरु को 'गुरु' इसीलिए कहा जाता है क्योंकि वह अज्ञान रूपी अंधकार को हटाकर जीवन को ज्ञान रूपी प्रकाश से आलोकित करता है। ज्ञान की रोशनी सभी प्रकार के अंधकार को मिटा देती है, इसीलिए जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है। 'गुरु' में 'गु' शब्द का अर्थ है अंधकार (अज्ञान) और 'रु' का अर्थ है उसे मिटाने वाला



और इस प्रकार गुरु का अर्थ हुआ अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने वाला। गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है, जो अंधकार को मिटाकर प्रकाश के उजाले से हमारी अंतरात्मा और मन को प्रकाशित कर सकता है। एक अच्छा गुरु जीवन में रोशनी लाने का कार्य करता है, जिससे जीवन प्रकाशमान हो जाता है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है, ताकि वह अपने भीतर सृष्टि के स्रोत का अनुभव कर सके। शास्त्रों में अज्ञान रूपी अंधकार को नष्ट करने वाला जो ब्रह्म रूप प्रकाश है, वही गुरु है अर्थात अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को ही 'गुरु' कहा जाता है। गुरु की महिमा का बखान करते हुए संत कबीरदास कहते हैं:–

**भली भई जो गुरु मिल्या, नहीं तर होती हाणि। दीपक दिष्टि पतंग ज्यूं, पड़ता पूरी जाणि।**

कबीरदास के इस दोहे का अर्थ है कि अच्छा हुआ जो गुरु मिल गए, अन्यथा तो मेरी हानि ही होती। जैसे दीपक की अग्नि की ओर पतंगे आकृष्ट हो जाते हैं, वैसे ही मैं भी विषय वासनाओं और माया की ओर आकृष्ट हो जाता और परिणामस्वरूप अमूल्य जीवन को नष्ट कर देता। मनुस्मृति के अनुसार ऐसे व्यक्ति को ही गुरु बनाना चाहिए, जो क्षमा, दया, तपस्या, पवित्रता, यम, नियम, दान, सत्य, विद्या, संतोष इत्यादि दस गुणों से सम्पन्न हो। गुरु की कृपा से ही विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और उनके अंदर का अज्ञान तथा अंधकार दूर होता है। गुरु कृपा से ही विश्व के समस्त सुखों, ऐश्वर्य और स्वर्ग की सम्पदा प्राप्त हो सकती है, जो बड़े–बड़े योगियों को भी नसीब नहीं होती। गुरु तथा देवता में समानता के बारे में कहा गया है कि देवताओं के लिए जैसी भक्ति की आवश्यकता है, वैसी ही गुरु के लिए भी है। अच्छे गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार भी संभव है लेकिन गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं। वैसे तो गुरु को सभी धर्मों में विशेष महत्व दिया जाता रहा है लेकिन एक अच्छे गुरु का स्थान हिन्दू धर्म में भगवान से भी बढ़कर है। गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागु पांव, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। शास्त्रों में कहा गया है कि गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त करना कठिन है और अगर शिष्य को अपने गुरु पर पूर्ण विश्वास हो तो उसका बुरा स्वयं गुरु भी नहीं कर सकते। गुरु पूर्णिमा को बौद्ध धर्म के अनुयायी गौतम बुद्ध द्वारा सारनाथ में दिए गए पहले उपदेश के सम्मान में मनाते हैं। सिख धर्म में केवल एक ईश्वर और अपने सभी दसों गुरुओं की वाणी को ही जीवन के वास्तविक सत्य के रूप में मानते है। जैन धर्म के अनुसार इस दिन को चौमासा अर्थात चार महीने के बारिश के मौसम की शुरुआत के रूप में तथा त्रीनोक गुहा पूर्णिमा के रूप में माना जाता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व वास्तव में मानव जीवन में गुरु के विशिष्ट स्थान को दर्शाता है। एक दोहे में गुरु की महिमा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा गया है:–गुरु को पारस जानिए, करे लौह को स्वर्ण। शिष्य और गुरु जगत में, केवल दो ही वर्ण।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# मैं पल दो पल का शायर हूं



रजत मुखर्जी





सुनहरी आवाज़ वाले मुकेश संगीत जगत के रत्न थे। भारतीय फ़िल्म उद्योग के सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायकों में से एक, मुकेश गायक–अभिनेता केएल सहगल के बहुत बड़े प्रशंसक थे। एक सपना जो उनके मन में जन्म से था, वह स्टारडम की तलाश में मुंबई आने पर पूरा हुआ। न केवल वह बॉलीवुड को अब तक की सबसे बड़ी हिट फ़िल्में देने में सफल रहे, बल्कि उन्होंने अपने अभिनय के ज़रिए सिल्वर स्क्रीन पर अपनी मौजूदगी भी दर्ज कराई, जो उनके सपने का एक हिस्सा था। कई संगीत निर्देशकों के लिए काम करने और खुद को एक प्रतिष्ठित गायक के रूप में पहचान दिलाने के बाद, उन्होंने लंदन, अफ्रीका, कनाडा और अमेरिका के विदेशी दौरों के साथ भारत से बाहर कदम रखा। अपने पूरे गायन करियर के दौरान, उन्होंने अपने सभी गीतों को तुरंत हिट और सुनहरी धुनों के साथ खिलते हुए जीवन का आनंद लिया। आज भी, उनके गीतों को संगीत प्रेमी और उनके प्रशंसक पसंद करते हैं। मुकेश का जन्म लुधियाना में मध्यम वर्गीय कायस्थ परिवार में मुकेश चंद्र माथुर के रूप में हुआ था। उनका जन्म इंजीनियर जोरावर चंद माथुर और चांद रानी की दस संतानों में से छठे बच्चे के रूप में हुआ था। बचपन से ही मुकेश को अभिनय और गायन का शौक था। उन्होंने दसवीं तक स्कूल में पढ़ाई की। स्कूल छोड़ने के बाद उन्होंने कुछ समय के लिए दिल्ली के लोक निर्माण विभाग में नौकरी की। इस दौरान मुकेश ने कुछ वॉयस रिकॉर्डिंग टेस्ट दिए। इसके बाद उनकी गायन क्षमता में धीरे–धीरे और लगातार सुधार हुआ। एक बार जब मुकेश ने अपनी बहन की शादी में एक गाना गाया, तो उनकी आवाज हिंदी फिल्मों के मशहूर अभिनेता मोतीलाल की नजर में आई। मुकेश मोतीलाल के साथ मुंबई गए और मोतीलाल ने उन्हें गायन की ट्रेनिंग दिलवाई। इस दौरान मुकेश को हिंदी फिल्म 'निर्दोष' (1941) से अभिनय में पहला ब्रेक मिला। उन्हें पहली बार 'पहली नजर' (1945) में गाने का मौका मिला। 'दिल जलता है तो जलने दे' उनका पहला गाना था जो उन्होंने हिंदी फिल्म के लिए गाया था और संयोग से मोतीलाल पर फिल्माया गया था। इस गाने ने मुकेश के करियर–ग्राफ में भारी बदलाव ला दिया। वे रातों–रात मशहूर हो गए। 1949 में वे राज कपूर और संगीतकार जोड़ी शंकर–जयकिशन के संपर्क में आए। मुकेश के सबसे मशहूर गाने वे थे जो उन्होंने राज कपूर के लिए शंकर–जयकिशन के निर्देशन में गाए थे। 'आवारा हूं' और 'मेरा जूता है जापानी' जैसे गाने भारत और विदेशों की गलियों में गूंजे। इसके बाद, 'आवारा' के हिट होने के बाद मुकेश ने गायन से हटकर अभिनय की ओर कदम बढ़ाए। उन्होंने 'माशूका' (1953) और 'अनुराग' (1956) जैसी फिल्मों में अभिनय किया। दोनों ही फिल्में बॉक्स–ऑफिस पर बड़ी हिट रहीं। मुकेश ने फिल्म 'यहूदी' (1958) के गाने 'ये मेरा दीवानापन है' से अपनी गायकी की दुनिया में वापसी की। 1960 और 1970 के दशक के मध्य में मुकेश ने अपने करियर को और निखारा और अपने करियर के शिखर पर पहुंचे। उनके गाए कुछ बेहतरीन गानों में 'जीना यहां मरना यहां' (मेरा नाम जोकर), 'मैंने तेरे लिए ही सात रंग के सपने चुने' (आनंद), 'मैं ना भूलूंगा' (रोटी, कपड़ा और मकान) और 'कभी–कभी' (कभी–कभी) शामिल हैं, जिन्होंने एक गायक के रूप में उनके करियर को हमेशा के लिए ऊपर उठा दिया। 'किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार' (अनाड़ी), 'ओ जानेवाले हो सके तो लौट के आना' (बंदिनी), 'दोस्त दोस्त ना रहा' (संगम), 'जाने कहां गए वो दिन' (मेरा नाम जोकर), और 'एक दिन बिक जाएगा' (धरम करम) मुकेश द्वारा गाए गए कुछ सबसे यादगार गाने हैं फिल्म 'अनाड़ी', 1959 के लिए 'कुछ सीखा हमने'

**1967 में 'तीसरी कसम' के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्वगायक के लिए बंगाल फिल्म जर्नलिस्ट एसोसिएशन पुरस्कार मिला।**

**1968 में 'मिलन' के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्वगायक के लिए बंगाल फिल्म जर्नलिस्ट एसोसिएशन पुरस्कार मिला**

**1970 में 'सरस्वतीचंद्र' के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्वगायक के लिए बंगाल फिल्म जर्नलिस्ट एसोसिएशन पुरस्कार मिला।**

**1972 में फिल्म 'बेईमान' के लिए 'जय बोलो बेईमान की' गीत के लिए फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्वगायक पुरस्कार मिला**

फिल्म 'सत्यम शिवम सुंदरम' का गाना 'चंचल शीतल निर्मल कोमल' मुकेश का आखिरी रिकॉर्ड किया गया गाना था। जब वे संयुक्त राज्य अमेरिका में एक संगीत कार्यक्रम के दौरे पर थे, तब 27 अगस्त, 1976 को डेट्रायट में अचानक दिल का दौरा पड़ने से वे इस दुनिया से चले गए। महान गायक–अभिनेता का अंतिम संस्कार 30 अगस्त, 1976 को दक्षिण बॉम्बे, भारत के बाणगंगा श्मशान घाट पर भारतीय फिल्म उद्योग के अभिनेताओं और हस्तियों द्वारा श्रद्धांजलि के साथ किया गया।

# निजीकरण के इस युग में आज भी सरकारी बैंक क्यों जरूरी?

अश्वनी राणा

निजीकरण के इस युग में आज भी सरकारी बैंकों का अस्तित्व प्रासंगिक बना हुआ है। 19 जुलाई, 1969 को तत्कालीन सरकार ने देश के 14 प्रमुख बैंकों का पहली बार राष्ट्रीयकरण किया था। साल 1969 के बाद 1980 में पुनः 6 बैंक राष्ट्रीयकृत हुए। 19 जुलाई 2024 को बैंकों के राष्ट्रीयकरण के 55 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आर्थिक तौर पर सरकार को लग रहा था कि प्राइवेट बैंक देश के सामाजिक उत्थान की प्रक्रिया में सहायक नहीं हो रहे थे। उस समय देश के 14 बड़े बैंकों के पास देश की लगभग 80 फीसदी पूंजी थी। इनमें जमा पैसा उन्हीं सेक्टरों में निवेश किया जा रहा था, जहां लाभ के ज्यादा अवसर थे। वहीं सरकार की मंशा कृषि, लघु उद्योग और निर्यात में निवेश करने की थी। दूसरी तरफ एक रिपोर्ट के मुताबिक 1947 से लेकर 1955 तक 360 छोटे–मोटे बैंक डूब गए थे जिनमें लोगों का जमा करोड़ों रुपया डूब गया था। 1969 में राष्ट्रीयकरण के बाद से आज तक भी कई प्राइवेट बैंक डूबने की स्थिति में आए जिन्हें सरकारी बैंकों द्वारा ही संभाला गया। यस बैंक और लक्ष्मी विलास बैंक का ताजा उदाहरण हमारे सामने है । लेकिन आज तक कोई सरकारी बैंक नहीं डूबा, क्योंकि इन पर सरकार और रिजर्व बैंक का पूरा नियंत्रण है। 2023–24 में इन्हीं सरकारी बैंकों ने 1.41 लाख करोड़ का लाभ कमाया है और अभी तक चार बैंकों ने 6481 करोड़ लाभांश के रूप में सरकार को दिया है ।

सरकारी बैंकों को गांवों तक पहुंचने के मकसद से 1975 में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना की गई। आज देश में 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की 26 राज्यों और 3 केन्द्रीय शासित प्रदेशों में लगभग 22000 शाखाएं हैं। 1980 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण का दूसरे चरण में छह निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। इसके विपरीत 1991 के आर्थिक सुधार के बाद सरकार बैंकों के निजीकरण की ओर आगे बढ़ी , जिसे 'नई आर्थिक नीति या एलपीजी नीति' के रूप में भी जाना जाता है। 1994 में नए प्राइवेट बैंकों का युग प्रारम्भ हुआ । आज देश में 8 न्यू प्राइवेट जनरेशन बैंक और 13 ओल्ड प्राइवेट जनरेशन बैंक कुल मिलकर 21 प्राइवेट बैंक काम कर रहे हैं। 2018 में सरकार ने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की स्थापना की जिसका उद्देश्य पोस्ट ऑफिस के नेटवर्क का इस्तेमाल करके बैंकिंग को गांव–गांव तक पहुंचाना था । इसके साथ–साथ और कई प्राइवेट पेमेंट बैंकों की भी शुरुआत हुई ।

55 वर्षो के कार्यकाल में सरकारी बैंकों ने बैंकिंग को आम जनता तक पहुंचाने का काम तेजी से किया है। जो बैंक आम जनता तक नहीं पहुंच पाए थे, सरकारी बैंकों के सहयोग से लगभग 51 करोड़ जनधन खाते खुलवाकर आम जनता को बैंकों से जोड़ा है।

# आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मीडिया के उलझे रिश्ते



प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी

मा"ननीय प्रधानमंत्री जी हम आभारी हैं कि आप हमारे बीच आए। मेरी ऑन दी जॉब लर्निंग अब शुरू हो गई है और 2024 तक मैं देश की सबसे अच्छी जर्नलिस्ट होने की कोशिश करूंगी। उम्मीद करती हूं कि तब आपसे एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू करने का मौका मुझे मिलेगा। आपका बहुत–बहुत धन्यवाद।" ये शब्द हैं भारत की पहली एआई बॉट एंकर सना के। आर्टिफिशनल इंटेलिजेंस के मीडिया जगत में बढ़ते इस्तेमाल की कई संभावनाएं हैं। इसी में से एक है कि आने वाले समय में देश के प्रधानमंत्री एक एआई एंकर से देश के भविष्य और योजनाओं के बारे में चर्चा करते दिखें।

दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के 'टेक्स्ट टू स्पीच' फीचर की बदौलत अब भारतीय न्यूज़रूम में मशीन को इंसानी चेहरे में ढालकर खबरें पेश की जा रही हैं। पिछले साल अप्रैल के महीने में इंडिया टुडे ग्रुप ने एआई एंकर से समाचार बुलेटिन का प्रसारण शुरू किया था। लॉन्च कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में एंकर का परिचय देते हुए कहा गया था कि वह ब्राइट है, सुंदर है, उम्र का उन पर कोई असर नहीं होता है और न ही कोई थकान होती है, वो बहुत सारी भाषाओं में बात कर सकती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारी दुनिया को फिर से परिभाषित करने, मानवीय क्षमता की सीमाओं को पार करने और अभूतपूर्व पैमाने पर उद्योगों और अर्थव्यवस्थाओं को नया आकार देने के लिए तैयार है। मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में, एआई का आगमन कंटेंट क्रिएटर्स को सामग्री निर्माण के लिए शक्तिशाली उपकरणों से सशक्त बना रहा है, नए अनुभवों को अनलॉक कर रहा है और कलात्मक अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपों का उपभोग करने, बनाने और उनसे जुड़ने के तरीके को हमेशा के लिए बदल रहा है।

हाल के कुछ समय से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बहुत चर्चा का विषय बना हुआ है और पत्रकारिता का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रह रहा है। मौजूदा समय में भारत की मेनस्ट्रीम मीडिया का बड़ा हिस्सा विज्ञापन पर निर्भर होकर काम कर रहा है। ऐसे में तकनीक के जरिये डेटा के आधार पर समाचार बुलेटिन प्रस्तुत करना और अन्य काम भी इंसान की जगह मशीन की बदौलत होने ने मीडिया इंडस्ट्री के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पत्रकारिता के भविष्य से लेकर पत्रकारिता करने वालों के भविष्य को लेकर भी संकट खड़ा होने की बात कही जा रही है। लेकिन एआई पत्रकारिता वास्तव में क्या है? क्या यह चिंता का एक विषय है या फिर सूचना जगत में एक ऐसी नई क्रांति है, जो पत्रकारिता के सही आयाम स्थापित करने में कामयाब हो पाएगी।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पत्रकारिता

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीवन के लगभग सभी पहलूओं समेत पत्रकारिता में भी शामिल हो गई है। डिजिटल मीडिया की वजह से जाने–अनजाने में ही एआई तकनीक पर आधारित कंटेंट का इस्तेमाल कर रहे हैं। चाहे वह यू–ट्यूब के एल्गोरिदम की वजह से आपको दिखते वीडियो हों या वेबसाइट पर दिखने वाले विज्ञापन। सभी का एक कारण एआई तकनीक ही है। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव की वजह से एआई पत्रकारिता में बड़ी भूमिका निभा रहा है। मीडिया कंपनियां अपने कंटेंट को अधिक बूस्ट करने के लिए एआई की मदद ले रही हैं। लेख लिखने से लेकर बुलेटिन प्रसारित करने तक में एआई का सहारा लिया जा रहा है। दुनिया भर के बड़े–बड़े मीडिया हाउस एआई द्वारा लिखे लेख को प्रकाशित कर रहे हैं। एक तरफ तो यह काम को आसान और तेजी से कर रहा है, दूसरी ओर यह कई सवाल भी खड़े करता है जिसमें विश्वसनीयता और अखंडता सबसे पहले है। साथ ही क्या सजृनशीलता पर आधारित क्षेत्र में एआई से डेटा आधारित बातचीत और जानकारी, पत्रकारिता के धरातल पर काम कर पाएगी? पत्रकारिता के सबसे मजबूत और शुरुआती मूल्य 'ग्राउंड रिपोर्टिंग' का भविष्य इससे बच पाएगा?

### खतरे में पत्रकारों की नौकरियां

इंसान की जगह मशीन के इस्तेमाल होने का पहला खतरा इंसानों पर ही पड़ता है। 'न्यूज़जीपीटी', दुनिया का पहला समाचार चैनल है, जिसका पूरा कंटेंट आर्टिफिशल इंटेलिजेंस द्वारा तैयार किया जा रहा है। चैनल के प्रमुख एलन लैवी ने इसे खबरों की दुनिया का गेम चेंजर कहा था, क्योंकि ना इसमें कोई रिपोर्टर है और ना ही यह किसी से प्रभावित है। यहां यही बात मीडिया जगत में काम करने वाले लोगों के लिए बड़ा खतरा है। जैसे–जैसे मीडिया के क्षेत्र में एआई का प्रभुत्व बढ़ रहा है, वहां मौजूदा लोगों की नौकरियों पर तकनीक का कब्जा होने की संभावना ज्यादा नजर आ रही है। लेखन, संपादन, एंकरिंग, प्रस्तुतीकरण तक के सारे कामों में एआई का सहारा लिया जा रहा है। बीबीसी द्वारा प्रकाशित एक समाचार के अनुसार साल 2020 में माइक्रोसॉफ्ट ने बड़ी संख्या मे 'एमएसएन' वेबसाइट के लिए लेखों के चयन, क्यूरेटिंग, हेडलाइन तय करने और एडिटिंग करने वाले पत्रकारों की जगह स्वचलित सिस्टम को अपनाने की योजना बनाई। खबर के अनुसार कंपनी ने एआई तकनीक के सहारे खबरों के प्रोडक्शन के कामों को पूरा करना तय किया। माइक्रोसॉफ्ट जैसी अन्य टेक कंपनियां मीडिया संस्थानों को उनका कंटेंट इस्तेमाल करने के लिए भुगतान करती हैं। इन सब कामों के लिए पेशेवर पत्रकारों की मदद ली जाती आई है, जो कहानियां तय करने, उनका प्रकाशन कैसे होना है, हेडलाइन तय करने जैसे काम करते हैं। लेकिन माइक्रोसॉफ्ट के एआई तकनीक के इस्तेमाल के बाद से लगभग 50 न्यूज प्रोड्यूसर्स को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी।

ठीक इसी तरह साल 2022 के अंत में अमेरिकी टेक्नोलॉजी न्यूज वेबसाइट 'सीएनईटी' एआई तकनीक का इस्तेमाल करते हुए चीजें अलग ही स्तर पर ले गई। कंपनी ने एआई प्रोग्राम के तहत लिखे गए दर्जनों फीचर लेख चुपचाप तरीके से प्रकाशित किए। जनवरी 2023 तक कंपनी ने इन सब अटकलों की पुष्टि नहीं की थी, जिसे केवल एक प्रयोग बताया जा रहा था। इतना ही नहीं एसोसिएटेड प्रेस ने भी अपनी कहानियों के लिए एआई का इस्तेमाल किया। ये सब बातें बताती हैं कि कैसे समाचारों को चुनने, उनको व्यवस्थित करने के लिए काम करने वाले मीडिया के पेशेवरों की नौकरियां एआई ले रहा है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अपने शुरुआती दौर में है, लेकिन अभी से न्यूजरूम के भीतर उसकी मौजूदगी से मीडिया पेशवरों की नौकरियों पर संकट बनना शुरू हो चुका है। डायच वेले के अनुसार हाल ही में यूरोप के सबसे बड़े पब्लिकेशन हाउस 'एक्सल स्प्रिंगर' ने कई संपादकीय नौकरियों को एआई में बदल दिया है। स्प्रिंगर में नौकरियों की कटौती से मीडिया उद्योग के रोबोट पर निर्भरता की आशंकाओं में तेजी ला दी है।

### न्यूजरूम में एआई एंकर

भारत समेत कई अन्य देशों में न्यूज एंकर के तौर पर कम्प्यूटर जनित मॉडल यानी एआई एंकर समाचार पढ़ते नज़र आ रहे हैं। बहुत हद तक इंसानी तौर पर दिखने वाले ये न्यूज एंकर कॉर्पोरेट मीडिया हाउस के मुनाफे वाले दृष्टिकोण से हितैषी हैं, क्योंकि इन्हें न कोई सैलरी की आवश्यकता है, ना छुट्टी की। ये 24 घंटे और सातों दिन डेटा के आधार पर काम कर सकते हैं। भारत की पहली एआई न्यूज एंकर सना के लॉन्च के समय इसी तरह के शब्द कहे गए थे कि वह बिना थके लंबे समय तक काम कर सकती है।

द गार्डियन के अनुसार साल 2018 में चीन की न्यूज एजेंसी 'शिन्हुआ' पहला एआई न्यूज एंकर दुनिया के सामने लाई। इस एजेंसी के किउ हाओ पहले एआई एंकर हैं, जिसने डिजिटल वर्जन पर समाचार प्रस्तुत किया। शिन्हुआ और चीनी सर्च इंजन सोगो द्वारा यह एआई एंकर विकसित किया गया है। प्रकाशकों ने चीन के वार्षिक वर्ल्ड इंटरनेट कॉन्फ्रेंस के क्रार्यक्रम के दौरान इसकी घोषणा की थी। इसी से जुड़ी दूसरी के अनुसार पिछले वर्ष चीन ने एआई महिला न्यूज़ एंकर रेन जियाओरॉन्ग को लॉन्च किया। चीन सरकार केंद्रित पीपल्स डेली अखबार ने दावा किया है कि इस एआई न्यूज एंकर ने हजारों न्यूज एंकर्स से स्किल सीखे हैं और वह 365 दिन 24 घंटे लगातार खबरें बता सकती है। चीन के अलावा कुवैत भी अपना एआई न्यूज एंकर लॉन्च कर चुका है। हाल ही में 'न्यूज 18' के पंजाब और हरियाणा के क्षेत्रीय चैनल की तरफ से भी एआई एंकर के बारे में बात की गई। इस एंकर का नाम एआई कौर है। हाल ही में रूस के स्वोए टीवी ने स्नेज़ना तुमानोवा को पहले वर्चुअल मौसम की खबर प्रस्तुत करने वाले के रूप में पेश किया।

इस तरह से दुनिया के अलग–अलग मीडिया संस्थानों की ओर से एआई तकनीक के न्यूज एंकर को लॉन्च किया जा रहा है। एक के बाद एक एआई न्यूज एंकर के लॉन्च को मीडिया की नई क्रांति और बदलाव बताया जा रहा है। अब यह देखना होगा कि सूचना के क्षेत्र में एआई समावेशिता, विश्वसनीयता स्थापित कर पाती है या नहीं। क्योंकि अगर अब तक लॉन्च एआई एंकर्स के रूप–आकार को लेकर बात करे तो उससे पूरी तरह समावेशिता गायब है। लॉन्च एंकर का आकार यूरो सैंट्रिक ब्यूटी स्टैंडर्ड को ध्यान में रखकर गढ़ा गया है जैसे गोरा रंग, एक ख़ास तय किस्म की बॉडी आदि। सूचना के क्षेत्र में प्रस्तुतिकरण में इस तरह से पूर्वाग्रहों को और स्थापित करने का काम किया जा रहा है।

एआई की दुनिया और विश्वसनीयता

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अभी अपने शुरुआती चरण में है, लेकिन यह देखना वास्तव में बहुत दिलचस्प होगा कि यह पत्रकारिता को किस तरह से बदलेगा। क्योंकि आज क्लिकबेट पत्रकारिता, फेक न्यूज और प्राइम टाइम में चिल्लाने वाली पत्रकारिता का दौर है। ऐसे में क्या रोबोट, इंसानी रवैये के इतर विवेक के साथ पत्रकारिता करेंगे? प्रसिद्ध मीडिया स्तंभकार पामेल फिलिपोज ने कहा है कि एआई और उसके इस्तेमाल से पैदा खतरे वास्तविक हैं। एआई अधिक बहुस्तरीय समस्या को पैदा कर सकता है, जैसे एआई दुष्प्रचार अधिक फैला सकता है।

फिलिपोज ने आगे कहा है कि फेक न्यूज अब व्हाट्सएप टेक्स्ट और तस्वीरों के माध्यम से प्रसारित की जाती हैं और एआई की पूरी क्षमता रॉ डेटा को पुर्नजीवित करना है। इस तरह बहुत से पत्रकार और मीडिया पेशवरों का मानना है कि एल्गोदिरम और ऑटोमेशन पर बढ़ती निर्भरता से पत्रकारिता की विश्वसनीयता कम होने का खतरा है।

एआई न्यूज एंकर या पत्रिकारिता में एआई की निर्भरता सूचना क्षेत्र के भविष्य के लिए दोधारी तलवार है। एक तरफ इससे मीडिया के नयेपन और संचार के क्षेत्र की अपार संभावनों पर ध्यान दिया जा रहा है। वहीं इसे नैतिक और जिम्मेदारी तय करने के लिए रेग्यूलेशन और निरीक्षण की आवश्यकता भी है। ऐसे दौर में जहां मीडिया में पहले से ही ग्राउंड रिपोर्ट, खोजी पत्रकारिता और जनपक्ष की कमी है, उस समय में एआई तकनीक का बढ़ता प्रभाव सूचनाओं से मानवीय पक्ष को खत्म करने वाला ज्यादा नजर आ रहा है।

**(लेखक पूर्व महानिदेशक, भारतीय जन संचार संस्थान, नयी दिल्ली।)**

## परिजनों ने पुलिस प्रशासन से की हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग

# मशहूर प्रॉपर्टी डीलर एवं स्टाम्प विक्रेता की पत्नी की चाकुओं से गोदकर की गयी निर्मम हत्या

## हत्याकांड के बाद इलाके में पसरी दहशत, पुलिस ने एक को लिया हिरासत में

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर में खोह नागोरियान थाना क्षेत्र के गोनेर रोड राधा कृष्ण मंदिर के सामने गौरव वाटिका में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर और स्टाम्प विक्रेता सतीश चंद्र शर्मा की पत्नी मंजू शर्मा की बदमाशों ने घर में घुसकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।डीसीपी ईस्ट कावेन्द्र सागर ने बताया कि गोनेर रोड राधा कृष्ण मंदिर के सामने गौरव वाटिका में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर और स्टाम्प विक्रेता सतीश चंद्र शर्मा की पत्नी मंजू शर्मा की हत्या की गई है। शनिवार दोपहर में कुछ बदमाश घर में घुसे और उनकी गला रेत कर हत्या कर दी। महिला के पेट पर 12 से ज्यादा चाकू के निशान मिले हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो पूरा कमरा खून से सना हुआ था। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर सबूत जुटाए हैं।उन्होंने बताया कि मंजू शर्मा के घर में किराए से रहने वाले एक युवक को हिरासत लिया है। पुलिस का कहना है कि श्रीकांत नाम के व्यक्ति ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। पुलिस ने आसपास लगे हुए सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान की है। कई जगहों पर छापेमारी कर एक युवक को हिरासत कर लिया है।





### सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों के बारें में पुलिस को मिली महत्वपूर्ण जानकारी

डीसीपी ईस्ट ने बताया- पुलिस को आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से कुछ बदमाशों की जानकारी मिली है। इस पर पुलिस टीम काम कर रही है। तथा आपको बता दें कि घर में किराए से रहने वाले युवक श्रीकांत को डिटेन किया गया है खोह नागोरियान थाना पुलिस ने सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर दावा किया है श्रीकांत नाम के व्यक्ति ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। पुलिस ने आसपास लगे हुए सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान की है। कई जगहों पर छापेमारी कर एक युवक को डिटेन कर लिया है। अन्य युवकों की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि मृतका मंजू शर्मा के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा कल्पेश शर्मा एमबीए कर रहा है, जो जेएनयू के हॉस्टल में ही रहता हैं। दूसरा बेटा मौसम जेएनयू में बी फार्मा कर रहा है। वह दोपहर करीब डेढ़ बजे घर आया तो मां लहूलुहान हालत में मिली।

### घटना के दौरान घर पर अकेली थी मृतका मंजू शर्मा

» मृतका के देवर एडवोकेट खेमचंद शर्मा ने बताया– उनकी भाभी मंजू शर्मा (45) घटना के दौरान घर पर अकेली थी। डेढ़ बजे के लगभग छोटा बेटा मौसम शर्मा घर पहुंचा। उसने मां की हालत देखकर पिता सतीश (48) को फोन कर मां के बारे में बताया। इसके बाद वह लोगों के साथ मां को लेकर एसएमएस अस्पताल पहुंचा। यहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं, संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा, 2023

- पहले दिन 84 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने आजमाया भाग्य
- राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा जयपुर शहर के 42 केन्द्रों पर हुआ परीक्षा का आयोजन

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 20 जुलाई।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं, संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा, 2023 का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के प्रथम दिन शनिवार, 20 जुलाई 2024 को प्रथम पारी- प्रातः 09 बजे से दोपहर 12 बजे, द्वितीय पारी- दोपहर 3 बजे से सांय 6 बजे तक) जयपुर शहर के 42 केन्द्रों पर हुआ। जिसमें कुल 11 हजार 12 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) सुमन पंवार ने बताया कि जयपुर शहर के केन्द्रों पर पहली पारी में आयोजित सामान्यअध्ययन-प्रथम परीक्षा में 85.75 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने अपनी मेहनत एवं किस्मत को आजमाया। जयपुर में कुल पंजीकृत 11 हजार 12 अभ्यर्थियों में से 9 हजार 443 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, 1 हजार 569 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए।उन्होंने बताया कि दूसरीपारीमेंआयोजित सामान्यअध्ययन-द्वितीय परीक्षा में जयपुर शहर के केन्द्रों पर 84.99 फीसदी से अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। दूसरी पारी में 9 हजार 360 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, 1 हजार 652 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए।रविवार, 21 जुलाई 2024 को भी प्रथम पारी में सामान्य अध्ययन-तृतीय एवं द्वितीय पारी में सामान्य हिन्दी एवं सामान्य इंग्लिश विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

### ऑपरेशन एंटीवायरस के अंतर्गत अलवर पुलिस की कार्रवाई

- दो साइबर ठगों को गिरफ्तार कर 10 मोबाइल, 18 सिम कार्ड, 6500 नगद एवं एक बाइक जब्त




**चमकता राजस्थान। जयपुर/अलवर!(खलील कुरैशी) 19 जुलाई।** साइबर ठगों के विरुद्ध अलवर जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटीवायरस के अंतर्गत थाना गोविंदगढ़ पुलिस की टीम ने दो साइबर ठगों को गिरफ्तार कर ठगी में प्रयुक्त 10 मोबाइल, 18 सिम कार्ड, 6500 नगद एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की हैएसपी आनंद शर्मा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय एवं आईजी रेंज के निर्देश पर जिले में ऑनलाइन ठगी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध आपरेशन एंटीवायरस चलाया जाकर साइबर फ्रॉड प्रभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत एसएचओ गोविंदगढ़ मुकेश कुमार मय टीम द्वारा आसूचना तंत्र एवं तकनीकी साधनों की सहायता से दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है।पकड़े गए साइबर ठग वकील मेव पुत्र अय्यूब (27) निवासी खानपुर थाना फिरोजपुर जिला नूंह मेवात हरियाणा एवं वाहिद मेव पुत्र कमाल खान (20) निवासी फाहरी थाना गोविंदगढ़ (अलवर) है। आरोपी लोगों के खाते में रुपए क्रेडिट होने का फर्जी टेक्स्ट मैसेज कर एवं सेक्सटॉर्शन के माध्यम से झांसा देकर ठगी व ब्लैकमेलिंग किया करते हैं।

## श्री अग्रवाल महिला मंडल द्वारा अग्रसेन विद्यापीठ धौलपुर रोड बाडी में किया गया स्वास्थ्य परिचर्चा एवम हीमोग्लोबिन जांच शिविर कार्यक्रम

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण )** । बाड़ी उपखण्ड में श्री अग्रसेन जी एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की शुरुआत गई। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल महासम्मेलन पूर्वी राजस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना लाल मंगल, अग्रवाल सभा उपाध्यक्ष रामकुमार गर्ग उमरेह वाले, महामंत्री हरिशंकर सर्राफ, अग्रसेन शिक्षा समिति के महामंत्री रामसेवक मंगल, अग्रसेन विद्यालय के निरीक्षक दीनदयाल मित्तल, प्रिंसिपल सुभाष अग्रवाल,महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज मंगल, अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सचिन बंसल, महामंत्री मंथन मित्तल, रिटायर्ड पूर्व पीएमओ डॉ. शिवदयाल मंगल, रिटायर्ड पूर्व सीएमएचओ डॉ. गोपाल गोयल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विमलेश बंसल, मंचासीन रहे। डॉ. गोपाल गोयल ने एनीमिया के लक्षण निदान एवं उपचार के बारे में पूरी जानकारी दी,डॉ. शिवदयाल मंगल द्वारा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए रहन-सहन, दिनचर्या, खान-पान एवं फास्ट फूड पर बहुत सारी जानकारियां विस्तृत रूप से दी गई, डॉ. विमलेश बंसल ने बालिकाओं को गुड टच बेड टच एवं बालिकाओं को माहवारी संबंधित समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी, इसके बाद 9वीं से 12 वीं कक्षा तक की शिविर में लगभग 80 बालिकाओं की हीमोग्लोबिन जांच की गई। जिसमें लगभग 40 बालिकाओं का हीमोग्लोबिन 10 ॅ से कम रहा,10ॅ से कम हीमोग्लोबिन वाली सभी बालिकाओं के लिए अग्रवाल महिला मंडल द्वारा दवाईयां उपलब्ध कराई जायेगी। और यह भी निश्चय किया गया तीन महीने बाद फिर से इस शिविर को लगाया जाएगा। कार्यक्रम में अग्रवाल महिला मंडल महामंत्री डॉ. निरमा सिंघल, प्रिसी गर्ग, लता मंगल, नीतू सिंघल, सुनीता मित्तल, शिमला मंगल, माल्ती मित्तल, विद्या जिंदल, इंदिरा गोयल, नीलम गर्ग, अनीता सिंघल के साथ और भी महिलाएं उपस्थिति रही ।



## जन्मदिन पार्टी से लौट रहे युवक से मारपीट, सोने की चैन व नगदी लूट

चमकता राजस्थान

नदबई (राजवीर सिंह)। जनूथर मार्ग पर गांव लुहासा के समीप जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे युवकों को अवैध हथियार दिखाते हुए मारपीट करने व गले की चैन सहित नगदी लूटने का मामला सामने आया। मामलें में भुसावर थाना क्षेत्र के गांव नाथू का नगला निवासी सुखवेन्द्र सिंह ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार 7 जुलाई को पीडित युवक अपने मित्र भुसावर निवासी रघु पुत्र किशनस्वरूप, दीवली निवासी विनोद पुत्र तेजसिंह व नरेन्द्र खेरी पुत्र महावीर सिंह के साथ जन्मदिन की पार्टी से लौट रहा। इसी दौरान लुहासा के समीप भुवनेश व निकेश पुत्र ओमकार सिंह, बांसी निवासी हन्नो, विजय एवं उच्चैन निवासी अमित मीणा व बबलू मीणा ने अवैध हथियार दिखाते हुए रास्ता रोक लिया। बाद में लाठी-डण्डों से मारपीट कर सोने की चैन सहित 4540 रुपए नगदी लूटकर फरार हो गए। मारपीट दौरान पीडित का मित्र विनोद को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जिसे बाद में जयपुर रैफर कर दिया।

## व्यावसायिक/शिक्षा ऋण योजना के तहत 22 जुलाई, 2024 से किये जा सकेंगे आवेदन

- अल्पसंख्यक समुदाय के आवेदक विभागीय वेबसाइट पर कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 20 जुलाई।** व्यावसायिक/शिक्षा ऋण योजना के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के पात्र एवं इच्छुक आवेदक 22 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री अभिषेक सिद्ध ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, जैन, ईसाई, बौद्ध पारसी) के पात्र आवेदकों से व्यावसायिक/शिक्षा ऋण योजना के तहत 22 जुलाई 2024 से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक विभागीय वेबसाइट ६६६.’ल्ल्लेाी.ङ्म१ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों हेतु व्यावसायिक/शिक्षा योजना के तहत पात्रता एवं योग्यता संबंधी संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 0141-2785723 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## बामलास धाम में रुक्मणी विवाह के साथ कथा का समापन

- आज गुरु पूर्णिमा पर होगा हवन और भंडारा

**चमकता राजस्थान / उदयपुरवाटी। ( सुमेर सिंह राव )** निकटवर्ती गुढागोड़जी। बामलास धाम में इन दोनों धार्मिक कार्यक्रमों के चलते दूरदराज के लोगों का तांता लगा हुआ है। बामलास धाम प्राचीन काल से ही वैष्णवी संतों की तपोस्थली रहा है। धाम के महंत लक्ष्मण दास महाराज के सानिध्य में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन रुक्मणी विवाह की झांकी सजाई गई। मुकेश दाधीच ने बताया कि रुक्मणी विवाह में भक्तों ने बढ चढकर कन्यादान किया। इसी के साथ कथा का समापन किया गया। आज धाम में गुरु पूर्णिमा पर हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने धाम से जुड़े समस्त भक्तों को सूचित करते हुए मीडिया के माध्यम से बताया कि गुरु पूर्णिमा पर लक्ष्मण दास महाराज सुबह 10 बजे तक बमलास धाम में रहेंगे। इसके बाद दोपहर से शाम तक कोटड़ी लुहारवास के झोपड़िया आश्रम में रहेंगे। झोपड़िया आश्रम में स्थित श्री गोवर्धन गौशाला में भी गुरु पूर्णिमा पर लक्ष्मण दास महाराज के सानिध्य में धार्मिक कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मोहनदास महाराज, सज्जन शर्मा, ताराचंद बागोरिया, समुंद्र सिंह शेखावत, नरपत सिंह शेखावत, एक गजानंद शर्मा, विजेंद्र लंमोड़, सतवीर शर्मा, प्रताप सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## एसीबी ने करी प्रभावी कार्रवाई

# भरतपुर में नगर निगम का अग्निशमन अधिकारी 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी)** । ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर भरतपुर इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुये अरूण कुमार जाट अग्निशमन अधिकारी, कार्यालय नगर निगम, भरतपुर को परिवादी से 10 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की भरतपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके द्वारा स्थापित किये जा रहे पेट्रोल पम्प की फायर एन.ओ.सी. जारी करने की एवज में आरोपी अरूण कुमार जाट अग्निशमन अधिकारी, कार्यालय नगर निगम, भरतपुर द्वारा 15 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी, भरतपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी भरतपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपी अरूण कुमार जाट अग्निशमन अधिकारी, कार्यालय नगर निगम, भरतपुर को परिवादी से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।एसीबी अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३रंस्त्रस्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 247 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।



# सड़क पर सेना, देश में कर्फ्यू, बांग्लादेश में आरक्षण पर मचा कोहराम

ढाका/एजंसी

हिंसा की आग में धधक रहे बांग्लादेश की स्थिति इतनी भायवह हो गई है कि सरकार को कर्फ्यू लगाने का फैसला करना पड़ा. वहीं अब चप्पे-चप्पे पर सेना लगा दी गई है, ताकि प्रदर्शनकारियों को कंट्रोल किया जा सके.

**● क्यों धधक रहा बांग्लादेशः**

बांग्लादेश इन दिनों हिंसा की आग में जल रहा है. जिन छात्रों के हाथों में किताब और कलम होनी चाहिए उनके हाथों में पत्थर और जुबान पर सरकार विरोधी नारे नजर आ रहे हैं. सरकारी नौकरियों में आरक्षण का मुद्दा इन दिनों बहुत ही गर्म है. छात्रों के इस विरोध प्रदर्शन ने उग्र रूप ले लिया है. इस हिंसक आंदोलन में अब तक 105 से ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं.शेख हसीना सरकार ने उठाए क्या कदमः हालात इतने खराब हैं कि हिंसक विरोध प्रदर्शन पर काबू पाने के लिए शेख हसीना सरकार ने देशव्यापी कर्फ्यू का ऐलान कर दिया है. साथ ही सेना को भी सड़क पर उतार दिया गया है. राजधानी ढाका में तो इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. देश के शिक्षण संस्थानों पर ताले लग गए हैं. छात्र अपने घरों को वापस लौट गए हैं. बांग्लादेश में क्यों भड़की हिंसाः साल 1972 में बांग्लादेश सरकार ने स्वतंत्रता सैनानियों के वंशजों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया था. आज इसी कोटा सिस्टम का विरोध छात्र कर रहे हैं. पिछले महीने यह विरोध प्रदर्शन हिंसक नहीं था. लेकिन बड़ी संख्या में लोगों के इसमें शामिल होने के बाद हिंसा भड़क उठी है. सोमवार को ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों और पुलिस के बीच झड़प हो गई. जिसमें बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए थे. बांग्लादेश का कोटा सिस्टम क्या हैः 1972 में लागू किए गए आरक्षण सिस्टम को सरकार ने साल 2018 में खत्म कर दिया था. लेकिन पिछले महीने ही हाई कोर्ट ने इस कोटा सिस्टम को फिर से बहाल कर दिया, जिसकी वजह से छात्रों में उबाल है. हालांकि शेख हसीना सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, अदालत ने हाई कोर्ट के आदेश को निलंबित कर दिया है. इस पर अब 7 अगस्त को सुनवाई होनी है.

**● प्रदर्शनकारियों के भड़कने की वजहः**

बांग्लादेश के प्रदर्शनकारी सरकार पर अपनी मांगों को पूरा करने का दबाव डाल रहे थे. लेकिन जब शेख हसीना ने अदालती कार्यवाही का हवाला देते हुए उनकी बात मानने से इनकार कर दिया तो ये विरोध और भी भड़क गया. प्रदर्शनकारियों ने वहां के सरकारी न्यूज चैनल के ऑफिस में आग लगा दी और काफी हंगामा किया. क्या है आरक्षण सिस्टमः वर्तमान आरक्षण सिस्टम के तहत बांग्लादेश में 56 प्रतिशत सरकारी नौकरियां आरक्षित हैं, जिनमें से 30 प्रतिशत 1971 के मुक्ति संग्राम के स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए, 10 प्रतिशत पिछड़े प्रशासनिक जिलों, 10 प्रतिशत महिलाओं, 5 प्रतिशत जातीय अल्पसंख्यक समूहों और 1 प्रतिशत नौकरियां दिव्यांगों के लिए आरक्षित हैं. लेकिन यहां के छात्र स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों को मिलने वाले आरक्षण के खिलाफ हैं.

**प्रदर्शनकारियों की मांगेंः**

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वह दिव्यांगों और अल्पसंख्यकों को मिलेन वाले आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं. लेकिन स्वतंत्रता सैनानियों के वंशजों को मिलने वाला 30 प्रतिशत आरक्षण खत्म होना चाहिए. हालांकि सरकार आरक्षण सिस्टम का बचाव करते हुए कह रही है कि आजादी में योगदान देने वालों को सर्वोच्च सम्मान मिलना चाहिए.जानें भारत सरकार का रुखः भारत सरकार ने शुक्रवार को बांग्लादेश में जारी छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को ढाका का 'आंतरिक' मामला करार दिया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि वह वहां रह रहे 15,000 भारतीयों की सुरक्षा को लेकर स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बताया कि बांग्लादेश में रह रहे 8,500 छात्रों सहित 15,000 भारतीय सुरक्षित हैं. आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग वहां रह रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है. उन्होंने बताया कि बांग्लादेश से शुक्रवार रात आठ बजे तक 245 भारतीय सुरक्षित भारत लौट आए, जिसमें से 125 छात्र हैं. वठ की अपीलः संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस के प्रवक्ता ने कहा कि गुतारेस बांग्लादेश के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे हैं. वह वहां जारी हिंसा से बेहद चिंतित हैं. स्टीफन दुजारिक ने गुरुवार को नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ₹हम ढाका और बांग्लादेश के अन्य स्थानों पर घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं साथ ही सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील करते हैं.₹ वठ प्रमुख ने बांग्लादेश सरकार से बातचीत के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने की अपील की, साथ ही गतिरोध दूर करने के लिए प्रदर्शनकारियों से बातचीत में शामिल होने की अपील भी की. उन्होंने कहा, हिंसा कोई समाधान नहीं है. हिंसा के बीच पलायनः बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच भारत, नेपाल और भूटान के 360 से अधिक नागरिक मेघालय पहुंचे हैं, जिससे राज्य में शरण लेने वालों की संख्या 670 से अधिक हो गई है, अधिकारियों ने यह जानकारी दी. गृह विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को 363 लोग दावकी एकीकृत जांच चौकी के जरिये मेघालय पहुंचे, जिनमें 204 भारतीय, 158 नेपाली और एक भूटानी नागरिक शामिल है.



## नेट थिएट पर कव्वाली के रंग का सतरंगी इंद्रधनुष

**इस तरहा मेरी वफा का सिला दीजिए, जाते-जाते मुस्कुरा दीजिए**




चमकता राजस्थान

**जयपुर**। नेट थिएट के कार्यक्रमों की श्रंखला में आज राजस्थान के ख्यातनाम कव्वाल अख्तर अली अमजद अली ने अपने साथी कलाकारों के साथ क्या बताएं यह क्या हो गया प्यार का सामना हो गया, इस तरहा मेरी वफा का सिला दीजिए जाते-जाते मुस्कुरा दीजिए कव्वाली को बड़े ही सूफियाना अंदाज में पेश किया तो दर्शक वाह वाह कर उठे '
नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि उसके बाद उन्होंने इस तरह रूठ के जाने वाले गए मेरी आंखों की नींद चुरा ले गए, तेरी नज़रों ने ऐसा सवार मुझे हर किसी को तेरा कहे की पुकार मुझे, और *तेरे दरवाजे पे ये चिलमन देखी नहीं जाती जैसी कव्वालियों को सुना कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया '

इनके साथ ही कलाकारों में उस्मान अली मोहम्मद कासिम और मोहम्मद आसिफ ने अपनी पुर कशिश आवाज से महफिल में संगीतमय इंद्रधनुष मैं सतरंगी रंग भर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। अख्तर अली कव्वाल देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी कव्वाली से दर्शकों का दिल जीत कर राजस्थान का गौरव बढाया है। अपन सऊदी अरब, मॉरीशस और 9 महीने साउथ अफ्रीका में रहे । आपके ज्यादातर प्रोग्राम हैदराबाद में आयोजित होते हैं आप आल इंडिया रेडियो के कलाकार हैं ।
कार्यक्रम संयोजक गुलजार हुसैन और नवल डांगी, प्रकाश और कैमरा मनोज स्वामी, संगीत विनोद सागर गढ़वाल और मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू, जीवितेश शर्मा की रही '

## लोहार्गल वेंकटेश बालाजी मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन आज

- **सुप्रसिद्ध भजन गायकारों द्वारा होगी भजनों की रस गंगा प्रवाहित**
- **भंडारे का भी होगा आयोजन श्रद्धालु करेंगे प्रसदी ग्रहण**

**चमकता राजस्थान / उदयपुरवाटी। ( सुमेर सिंह राव )।** निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में स्थित वेंकटेश बालाजी मंदिर परिसर में आज रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा ' वेंकटेश बालाजी मंदिर की श्री अनंत विभूषित परम पूज्य श्री वेंकटेश लोहार्गल धाम पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने हमारे उदयपुरवाटी संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि आज रविवार को मंदिर परिसर में प्रातः 7:15 बजे आचार्य चरण पूजन का कार्यक्रम आयोजित होगा ' तत्पश्चात 8:15 बजे गुरु चरण पूजन मंत्र दीक्षा कार्यक्रम आयोजित होगा ' धार्मिक कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही है ' गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान भजनों की रसगंगा भी प्रवाहित की जाएगी ' जिसमें सुप्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे ' तत्पश्चात मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन होगा जिसमें दूर दराज से आए हुए श्रद्धालु प्रसादी भी ग्रहण करेंगे '



## राजस्थान सरकार का बड़ा फैसला, पुलिस सेवा में ओबीसी को मिलने वाली 5 साल की छूट खत्म

जयपुर/एजेंसी

राजस्थान पुलिस सेवा में ओबीसी वर्ग के लोगों को आयु में मिलने वाली 5 साल की छूट को प्रदेश की भजनलाल सरकार ने खत्म कर दिया है. इस संबंध में शुक्रवार देर शाम नोटिफिकेशन जारी होते ही राजस्थान में सियासत गरमा गई है. दो दिन पहले विधानसभा में 'ठाकुर का कुआं' कविता पढ़कर सोशल मीडिया पर ट्रेंड होने वाले कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने ही इस मुद्दों को सबसे पहले उठाते हुए सड़क से सदन तक 'ओबीसी के हक की लड़ाई' लड़ने की बात कही है.

**● 16 अप्रैल 2021 से लागू होंगे बदलाव**

राजस्थान पुलिस सेवा (संसोधन) नियम 2024 के संबंध में कार्मिक विभाग के ज्वाइंट सेक्रेटरी दिनेश कुमार शर्मा द्वारा जारी आदेश में लिखा है कि पुलिस सर्विस में ओबीसी वर्ग को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की मिलने वाली छूट के आदेश को 16 अप्रैल 2021 से निरस्त कर दिया. इस पर राजस्थान युवाशक्ति एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मीणा ने लिखा, 'यह ओबीसी वर्ग के छात्रों के साथ में कुठाराघात है. सीएम से निवेदन है कि छात्रहित में इस आदेश को कैंसिल करें.



**● 'सरकार ने राजशाही सोच को दर्शाया'**

अपने आधिकारी एक्स हैंडल से उन्होंने सरकारी आदेश की फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'राजस्थान पुलिस सेवा में ओबीसी वर्ग को आयु में मिलने वाले पांच वर्ष की शिथिलता के नियम को खत्म कर सरकार ने एक बार फिर अपनी राजशाही सोच को दर्शाया है. क्या अब भी हम चुप रहें? नहीं, नहीं, नहीं. सरकार के हर अन्याय के विरुद्ध हम सड़क से लेकर सदन तक संगठित होकर लड़ाई लड़ेंगे. #हककीबात.' कांग्रेस विधायक के इस ट्वीट को खबर लिखे जाने तक करीब 40 हजार लोगों ने देख लिया है. इस पर 2200 लाइक, 843 रिट्वीट और 167 कमेंट्स आ चुके हैं.
राजस्थान पुलिस सेवा में ओबीसी वर्ग को आयु में मिलने वाले पाँच वर्ष की शिथिलता के नियम को ख़त्म कर सरकार ने एक बार फिर अपनी राजशाही सोच को दर्शाया है।क्या अब भी हम चुप रहे ?
नही,नही,नही।सरकार के हर अन्याय के विरुद्ध हम सड़क से लेकर सदन तक संगठित होकर लड़ाई लड़ेंगे।

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी का पटना में स्वागत



**पटना।** केंद्रीय मंत्री और हम पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी के लिए पटना में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था। जीतन राम मांझी पहली बार केंद्रीय मंत्री बने हैं। इसको लेकर पार्टी ने पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया था। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को हम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार ने चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत किया। मांझी ने सभी का अभिवादन किया।

इस कार्यक्रम में हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन, पूर्व मंत्री हम के विधायक अनिल कुमार, ज्योति मांझी, प्रफुल्ल मांझी राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुंदर राष्ट्रीय महासचिव शरण राजेश पांडे, राजन सिद्दीकी, कमाल परवेज, संगीता सहित तमाम नेता कार्यकर्ता शामिल हुए। जीतन राम मांझी गया से लोकसभा चुनाव जीत कर सदन पहुंचे हैं। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाया गया है। मांझी को सूक्ष्म, लघु एंव मध्यम उद्योग मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया है।

### रक्सौल रेलवे स्टेशन से दो किशोरी को किया गया रेस्क्यू

**पूर्वी चंपारण।** रक्सौल के सामाजिक संस्था स्वच्छ रक्सौल व रेल चाइल्ड लाइन रक्सौल के संयुक्त प्रयास से देर शाम दो बच्चियों का रेस्क्यू किया गया। बीते दिन अरेराज की रहने वाली एक 17 वर्षीय बच्ची जो परिवार से किसी बात को लेकर नाराज होकर रक्सौल स्टेशन आयी थी,जो ट्रेन से दिल्ली जाने वाली थी। इस क्रम में चाइल्ड लाइन व स्वच्छ रक्सौल संगठन के संदेह के आधार पर पुछताछ के दौरान मामले की जानकारी मिली और बच्ची को अपनी अभिरक्षा में रखते हुए परिजन से संपर्क कर सौप दिया गया। दूसरी ओर नेपाल की लड़की व लड़का को संदिग्ध अवस्था में स्टेशन पर घूमते हुए पाए गए जब पूछताछ किया गया तो पाया गया कि ये लोग घर परिवार से भाग कर शादी करने के नियत से दिल्ली जाने वाले हैं।

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिले के मेहसी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में एक विवाहिता की हत्या कर दी गई है। महज 6 माह पूर्व व्याही गई 21 वर्षीय रौशन आरा की हत्या से उसके मायके कोटवा के खजुरिया में कोहराम मचा है। मृतिका जसौली पंचायत के पंचायत समिति सदस्य की चचेरी बहन थी। मृतका के पिता खजुरिया निवासी मो. मोतीउल्लाह ने पुत्री की हत्या मे दामाद मो.दानिश,समधी मुतुर्जा अली सहित चार लोगो को आरोपित करते हुए मेहसी थाना में आवेदन दिया है।बताया है कि विगत वर्ष 15 दिसंबर 2023 को अपनी 21 वर्षीय पुत्री रौशन आरा की शादी मेहसी थाना के बहादुर पुर गांव निवासी मो. मुतुर्जा अली के पुत्र मो. दानिश के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ किया था। जिसके शादी में लगभग 15 लाख रुपये खर्च किया था।कुछ दिन बाद से ही मेरी बेटी पर 10 लाख रुपये और दहेज में मांगने का दबाव बनाया जाने लगा।

### सफाई और अतिक्रमण से मुक्ति के लिये व्यवसाइयों ने सड़क जाम कर की आगजनी



**महाराजगंज (सीवान)।** नगर पंचायत के सब्जी व्यवसाइयों ने सब्जी मंडी में सफाई और सब्जी मंडी को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए सड़क जाम कर आगजनी की। नगर पंचायत पर आरोप लगाया कि बार-बार आवेदन देने के बाद भी नगर पंचायत द्वारा सब्जी मंडी की सफाई एवं कूड़ा का उठाव नहीं किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे सब्जी मंडी पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण कर दिया गया है। जिससे सब्जी व्यवसाईयों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क जाम के कारण शहर के मुख्य मार्ग पर काफी देर तक गाड़ियों का आवागमन बाधित रहा। हो हल्ला के बाद महाराजगंज के अंचलाधिकारी जितेंद्र पासवान व नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी हरिश्चंद्र पहुंचे और उन्होंने व्यवसाईयों से वार्ता की और आश्वासन दिया कि सब्जी मंडी की सफाई और कूड़ा का उठाव नियमित रूप से होगा तथा सब्जी मंडी को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

### बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर विपक्षी दलों का प्रतिरोध मार्च

**भागलपुर।** सूबे में बढ़ते अपराध और लचर कानून व्यवस्था को लेकर शनिवार को आईएनडीआईए गठबंधन के द्वारा भागलपुर में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान बड़ी तादाद में महागठबंधन के कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। वहीं गठबंधन द्वारा सरकार के खिलाफ निकाले जा रहे प्रतिरोध मार्च को लेकर भागलपुर के घंटाघर चौक से लेकर जिला समाहरणालय के कचहरी चौक तक भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। विपक्षी दलों के इस प्रदर्शन में कई स्थानीय नेता भी शामिल हुए।

## बिहार में बढ़ते अपराधों के खिलाफ विपक्षी गठबंधन का विरोध मार्च

# अपराधी बेलगाम हो चुके हैं: तेजस्वी

**राज्य में आम आदमी को छोड़िए, यहां तो जन प्रतिनिधि का परिवार भी सुरक्षित नहीं है**



एजेंसी

**पटना।** बिहार में अपराध की बढ़ती घटनाओं के विरोध में विपक्षी दलों ने संयुक्त रूप से राजधानी पटना और सभी जिला मुख्यालयों पर प्रतिरोध मार्च निकाला। इस मौके पर यहां नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार की जदयू भाजपा (एनडीए) सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। राज्य में आम आदमी को छोड़िए, यहां तो जन प्रतिनिधि का परिवार भी सुरक्षित नहीं है। विपक्षी दलों ने पटना में वीरचंद पटेल पथ स्थित राजद दफ्तर से सुबह 10 बजे विरोध मार्च निकाला। यह मार्च डाकबंगला चौराहा होते हुए समाहरणालय तक गया। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने विरोध मार्च के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि बिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर सरकार मौन है। सरकार हाई लेवल मीटिंग करती है। इसके बावजूद आपराधिक घटनाएं नहीं थम रही है। सरकार को इसका जवाब देना होगा। इसका जवाब हम लोग बिहार विधानसभा सत्र में भी लेंगे। जब बिहार के नेता के परिवार ही सुरक्षित नहीं है, जनता सुरक्षित नहीं है तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गद्दी पर क्यों बैठे हैं? आने वाला विधानसभा चुनाव 2025 में इसका अंजाम नीतीश कुमार को भुगतना पड़ेगा। पटना में कांग्रेस नेता शकील अहमद खान ने मार्च करने के दौरान कहा कि विपक्ष की बड़ी भूमिका होती है। हमें इस मार्च से रोका गया और डाकबंगला चौराहा तक भी नहीं जाने देना, ये गलत है। अपराध पर हर हाल में नियंत्रण हो। पूरे देश खासकर बिहार में कानून-व्यवस्था की जो हालत बनी है, उसके विरोध में पूरा महागठबंधन एकजुट होकर सड़क पर उतरा है। अपना आक्रोश और प्रतिरोध व्यक्त करने हम सड़क पर उतरे हैं। वीआईपी पार्टी के कार्यकर्ता अपनी पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा देने की मांग करते दिखे। हाल में ही मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या कर दी गयी है, जिसकी जांच जारी है। अबतक चार आरोपितों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

### पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी बनीं विधान परिषद में नेता विपक्ष

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी एक बार फिर से बिहार विधान परिषद में नेता विरोधी दल बनाया गया है। इस संबंध में विधान परिषद की तरफ से शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह को पत्र लिखकर इसके लिए अनुरोध किया था। विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह ने विरोधी दल के नेता के तौर पर राबड़ी देवी के नाम पर अपनी मुहर लगा दी है। इसके बाद इस संबंध में विधान परिषद की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही साथ भाजपा एमएलसी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता और जदयू के ललन कुमार सर्राफ को सदन में सत्तारूढ़ दल का उपनेता की मान्यता कार्यकारी सभापति ने दी है।

## शहीद दिवस के लिए शनिवार को ही कई बसें सड़क से 'गायब' हो गई



संवाददाता

**कोलकाता।** तृणमूल का शहीद दिवस धर्मतला में होगी समाबेश। इस बार आज नित्ययात्रियों को कोई परेशानी नहीं होगी। हालाँकि, शनिवार से कई बसें शहर और उपनगरीय सड़कों से 'गायब' हो गई हैं। लोकसभा चुनाव में तृणमूल के अच्छे नतीजों के बाद 21 जुलाई केलिए कार्यकताओं और समर्थकों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। उत्तर बंगाल समेत राज्य के विभिन्न जिलों से कर्मी और समर्थक का आना शुरू हो गया है। उन्हें विशिष्ट शिविरों तक ले जाने के लिए बसें तैयार रखी गयी हैं। और इसी का नतीजा है कि शनिवार को सड़क पर बसों की संख्या बहुत कम था। शनिवार सुबह से ही कई बसें कोलकाता स्टेशन, हावड़ा स्टेशन, सियालदह स्टेशन पर खड़ी थी। तृणमूल कार्यकताओं समर्थकों को विभिन्न शिविरों तक पहुंचाने के लिए बसों का सहारा लिया गया है। उत्तर बंगाल से एक ट्रेन शनिवार सुबह कोलकाता स्टेशन पहुंची। दूसरी ट्रेन दोपहर में और तीसरी ट्रेन रात में उत्तर बंगाल से आयी। जिसके कारण कोलकाता, हावड़ा, सियालदह स्टेशनों पर भीड़ बढ़ने लगी है। जिनमें से अधिकतर उत्तर बंगाल के कार्यकर्ता-समर्थक हैं। दक्षिण बंगाल के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता समर्थक बस से आयेंगे। नतीजा, शनिवार सुबह से ही बसें सड़क से 'गायब' हैं।

### एसएसबी ने एक पाकिस्तानी सहित नेपाली नागरिक को किया गिरफ्तार

**किशनगंज।** पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर में शुक्रवार की रात एक पाकिस्तानी और दो नेपाली नागरिक को बिहार और नेपाल की सीमा पर स्थित किशनगंज मुख्यालय की 41वीं बटालियन की ओर से गिरफ्तार किया गया है। एसएसबी द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा था, इसी दौरान खोरीबारी थाना क्षेत्र के पानी टंकी के पास नेपाल से भारत की सीमा में ये तीनों घुस रहे थे। एसएसबी अधिकारी के अनुसार गिरफ्तार नागरिक नेपाल के रास्ते भारत में घुस रहे थे। एसएसबी ने पहले हिरासत में लेकर पूछताछ की। फिर तीनों को गिरफ्तार किया गया। पाकिनस्तानी नागरिक की पहचान सैफ उल्लाह है, जो पाकिस्तान के मर्दन जिला का रहने वाला है। नेपाली नागरिक की पहचान मन बहादुर थापा और मेघ बहादुर थापा के रूप में हुई है। एसएसबी की पूछताछ में पता चला कि पाकिस्तानी नागरिक की दुबई में एक सुरक्षा कंपनी है और वह नेपाल से लोगों को अपने कंपनी में काम देता है।

## शहीद दिवस समावेश में बड़ा आश्चर्य, ममता के साथ मंच पर रहेंगे अखिलेश



संवाददाता

**कोलकाता।** समाबेश की मंच पर एक बड़ा आश्चर्य। मंच पर अखिलेश यादव तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी के बगल में बैठेंगे। यह बात तृणमूल नेता कुणाल घोष ने एक्स हैंडल पर कही। सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश ने रविवार को कोलकाता पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच अभिषेक बनर्जी शनिवार को सहीद दिवस समाबेश ग्राउंड का दौरा किये थे।

इस दिन कुणाल घोष ने एक्स हैंडल पे बताया कि ममता बनर्जी के निमंत्रण पर अखिलेश यादव सहीद दिवस की समाबेश में शामिल होने आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो रविवार को ही शहर आ सकते हैं। गौरतलब है कि ममता बनर्जी के अखिलेश यादव से अच्छे रिश्ते हैं। जया बच्चन 2021 विधानसभा चुनाव में बंगाल में तृणमूल के लिए प्रचार करने ए थे। उस शिष्टाचार को ध्यान में रखते हुए, तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने अगले साल उत्तर प्रदेश चुनाव से पहले अखिलेश के लिए प्रचार किया। 2024वीं लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले तृणमूल के 'सेनापति' अभिषेक बनर्जी इंडिया अलायंस की बैठक में शामिल होने गए थे। वहां उनकी मुलाकात अखिलेश से हुई थी। हालांकि अभिषेक ने इस मुलाकात को 'शिष्टाचार मुलाकात' बताया था। बंगाल में गेरुआ खेमे को घेरने के बाद दिल्ली की राजनीति में तृणमूल को और अधिक महत्व मिल गया था। फिर अखिलेश ने बंगाल की तरह उत्तर प्रदेश में भी बीजेपी की रफ्तार धीमी कर दी है। इस बार योगी के राज्य में तृणमूल ने उम्मीदवार दिये हैं। वदोही लोकसभा क्षेत्र में सपा द्वारा खाली की गई सीट पर ललितेशपति त्रिपाठी खड़े हुए थे। वहां मिले वोटों के मामले में वह दूसरे नंबर पर हैं। कुल मिलाकर राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इसमें कोई शक नहीं कि ऐसे में सहीद दिवस के मंच पर अखिलेश के आने की खबर काफी मायने रखती है।

## विद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव



एजेंसी

**भागलपुर।** गणपतराय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल एवं पूरनमल सावित्री देवी बाजोरिया सरस्वती शिशु मंदिर नरगाकोठी के प्रांगण में शनिवार को कक्षा अरुण से द्वादश तक के भैया बहनों द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्र, डॉ संजीव झा, अभिमन्यु कुमार, अभिजीत आचार्य, लवली आचार्य, संजीव ठाकुर एवं ललिता झा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने कहा कि अज्ञान को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को गुरु कहा जाता है। गुरु पूर्णिमा गुरु और उनके शिष्यों के बीच पवित्र बंधन का सम्मान करने का दिन है। यह हमारे जीवन में ज्ञान, बुद्धि और मार्गदर्शन के महत्व की याद दिलाता है। इस शुभ दिन लोग अपने गुरुओं की पूजा और उनका सम्मान करते हैं। गुरु पूर्णिमा सनातन धर्म संस्कृति है। सनातन संस्कृति में आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहते हैं जो इस वर्ष 21 जुलाई 2024 रविवार को है। विद्यालय में आज पूर्व संध्या पर कक्षा अरुण से द्वादश तक के भैया बहन वेदव्यास जी के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उत्सव के रूप में गुरु पूर्णिमा को मनाया गया। भैया /बहन भी गुरु पूर्णिमा उत्सव पर बारी-बारी से अपने विचार रखें तथा विद्यालय के अन्य आचार्य द्वारा भी विचार प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्र, डॉ संजीव झा, अभिमन्यु कुमार, विनोद पांडे, मनोज तिवारी, अभिजीत आचार्य, अमर ज्योति, सुबोध झा, शशि भूषण मिश्र, सुप्रिया कुमारी, ललिता झा, कविता पाठक, रेणु कुमारी, लवली आचार्य एवं विद्यालय के समस्त आचार्य उपस्थित थे।

### मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट ने बेतिया मे मनाया भूजल संरक्षण सप्ताह

**बेतिया।** मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यकताओं ने शनिवार को भूजल सरंक्षण की जोरदार अपील की एवं पर्यावरण एवं जल संरक्षण की महत्ता से जनता को जागरूक किया। बिहार राज्य के पश्चिम चंपारण ज़िला मुख्यालय बेतिया से प्रारम्भ हुए इस विशाल मार्च को मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सह समाजिक कार्यकर्ता डॉ अमानुल हक ने झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसके अन्तर्गत आम जनता को भूजल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन हेतु प्ररित किया जा रहा है। जल संरक्षण के नारे लिखे प्ले काड्र्स तथा बैनर्स लेकर पश्चिम चंपारणवासियों को जल संरक्षण एवं जल संचयन के प्रति जागरूक किया। छात्रों ने सेव वाटर फॉर फ्यूचर,ब्राइट फ्यूचर बिगिन्स विद क्लीन वाटर,जल ही जीवन है,वाटर इज लाइफ एण्ड कन्जर्वेशन इज फ्यूचर,सेव वाटर,कलेक्ट द रेन, प्रोटेक्ट द प्लेन,इफ यू सेव वाटर, वाटर विल सेव यू आदि।

## बालू माफिया ने किया पुलिस पर हमला, एक पुलिसकर्मी घायल



एजेंसी

**नवादा।** अवैध तरीके से बालू उठा रहे माफियाओं ने शनिवार को पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया ।इसमें एक पुलिसकर्मी का सर फट गया है,जिसे गंभीर स्थिति में अस्पताल में दाखिल कराया गया ।पुलिस ने हमलावर बालू माफिया को गिरफ्तार करने का दावा किया है ।नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड क्षेत्र के पवई गांव स्थित बालू घाट पर माफिया और मेसकौर पुलिस के बीच झड़प हुई, जिसमें एक पुलिसकर्मी को घायल होने की सूचना मिली है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पुलिस कर्मी को बालू उठाने वाले बेलचा से मारकर घायल कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि बालू माफियाओं के हमले में अनुज दुबे नामक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इस मामले में हमलावर आशीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। हमले के बाद अपराधियों की टीम गांव में जाकर छिप गई थी, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर रफ्तार कर लिया है ।नवादा जिले के कई बालू घाट पर अवैध तरीके से बालू का उठाव अभी भी बद्दस्तूर जारी है।खुलेआम सड़कों पर बालू चुराकर माफिया तत्व गोरख धंधे कर रहे हैं। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि अगर सूचना देने के लिए नवादा एसपी को फोन किया जाए तो वह फोन तक नहीं उठाते हैं ।जिस कारण जिले में अराजक माहौल कायम है ।वही अपराधियों की चांदी कट रही है। शांति प्रिया नागरिको ने मुख्यमंत्री से नवादा एसपी को हटाने की मांग की है।

## आईसीएसआई का कॉर्पोरेट सीएस का 5वां राष्ट्रीय सम्मेलन



संवाददाता

**कोलकाता।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के कॉर्पोरेट सीएस के 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन 19 जुलाई 2024 को कोलकाता में कॉर्पोरेट सीएसः विकसित भारत के लिए शासन में परिवर्तन विषय पर किया गया। सन्मार्ग के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य समूह संपादक श्री विवेक गुप्ता ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की। कंपनी सचिवों की भूमिका की सराहना करते हुए और कॉर्पोरेट जगत में उनके महत्व को उजागर करते हुए, विवेक गुप्ता ने कहा, बोर्डों को सलाह देने से लेकर व्यापार करने में आसानी प्रदान करने तक, अनुपालन को सुव्यवस्थित करने से लेकर सरकार को सुझाव देने तक, आज भारत के कॉर्पोरेट जगत में सुशासन की उम्मीद कंपनी सचिवों पर टिकी हुई है।ह्व उन्होंने आगे कहा कि कंपनी सचिव की भूमिका ने एक नया आयाम हासिल कर लिया है क्योंकि उन्होंने अपने करियर में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। आईसीएसआई के अध्यक्ष सीएस बी नरसिम्हन ने मुख्य अतिथि की भावनाओं को दोहराते हुए विकसित भारत के तहत जीवंत भारत के निर्माण में कंपनी सचिवों की उभरती भूमिका के बारे में बात की। इसके बाद उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आईसीएसआई किस तरह सुशासन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के साथ-साथ पेशेवरों की क्षमता का निर्माण कर रहा है।

इस कार्यक्रम में व्यापार और उद्योग जगत के नेता, वरिष्ठ कॉर्पोरेट पेशेवर, कॉर्पोरेट निदेशक, सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य हितधारक भाग लेंगे, जो दो दिनों तक चलने वाले निम्नलिखित तकनीकी सत्रों पर विचार-विमर्श करेंगेः सेबी एलओडीआरः नवीनतम संशोधन, मुद्दे और स्पष्टीकरण

ईएसजी रिपोटिंग के लिए रूपरेखा और रुझान

शासन को डिजिटल बनानाः प्रभावकारिता का निर्माण

विचार नेतृत्वः बोर्ड की गतिशीलता में बदलाव

संस्थान ने अपने दो आगामी कार्यक्रमों की भी घोषणा की, 4-5-6 सितंबर 2024 को अबू धाबी, यूएई में आईसीएसआई मध्य पूर्व सम्मेलन; और 8-9-10 नवंबर 2024 को मुंबई में कंपनी सचिवों का 52वां राष्ट्रीय सम्मेलन। आईसीएसआई के सचिव सीएस आशीष मोहन ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## कोसी नदी के कटाव से गांव पर खतरा, डीएम से सुरक्षा की मांग



एजेंसी

**सहरसा।** जिले के नवहट्टा प्रखंड के बिरजैन के रोड नंबर- 17 से महुआ चाही तक जाने वाली सड़क में दो दिन से भयानक रूप से कोसी का कटाव जारी है। कोसी नदी की धारा अत्यधिक तेज होने के कारण भयानक कटाव अनवरत जारी है और कोशी प्रजेक्ट के सभी अधिकारी चैन की नींद ले रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा कटाव रोकने हेतु अपने स्तर से काफी प्रयास किया जा रहा है।लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही है।इस मुख्य सड़क के कटने से कोसी नदी की एक मुख्य शाखा जो पश्चिम साइड बहती है वह और मुख्य धारा यहा कटाव होने से दोनो एक हो जाएगी तो कभी भी अप्रिय दुर्घटना घटने की संभावना बनी रहती है। जिससे महिषी,नवहट्टा, प्रखंड के दर्जनों गांव बिरजैन,नारायणपुर, रसलपुर, सत्तौर, कोइला, बेलही, बीरगाँव, नयाटोला, बघवा समेत अन्य गांवों पर खतरा बना हुआ है। जो काफी जान माल का नुकसान हो सकता है।

किसी भी वक्त इन गावों में बसे लोगों का घर मकान कोसी नदी कि धारा में समाहित हो जाएगी तथा भौगोलिक दृष्टि से मुख्य नदी बन जाएगी।बिहार प्रदेश राष्ट्रीय लोक मोर्चा के महासचिव व महिषी विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी शिवेंद्र कुमार जिशु ने जिला प्रशासन से कटाव रोकने की अविलंब व्यवस्था करने की मांग की है।

## एक नजर

### कोतवाली के सामने युवक की दिनदहाड़े हत्या

**बलिया।** बांसडीह कोतवाली के सामने शनिवार की सुबह पांच से छह हमलावरों ने धारदार हथियार से एक युवक की हत्या कर दी। घटना के पीछे आपसी रंजिश की बात सामने आयी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई। बांसडीह कस्बा के दक्षिण टोला निवासी रोहित पांडेय (22) कहीं जा रहा था। तभी बांसडीह कोतवाली गेट के सामने हमलावरों ने उसका पीछा कर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। युवक जमीन पर गिर पड़ा तो हमलावर उसे छोड़ कर फरार हो गए। चूंकि घटना कोतवाली के सामने की थी, लिहाजा पुलिस फौरन मौके पर पहुंच गई। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया।

### खाई में गिरने से श्रद्धालु की मौत

**कुल्लू।** श्रीखंड यात्रा के दौरान एक सेवादार की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह दर्दनाक घटना गत दिवस उस दौरान हुई जब एक सेवादार श्रीखंड महादेव यात्रा के लंगर के लिए सामग्री ले जा रहा था। दोपहर चढ़ाई चढ़ते समय वह अपना संतुलन खो बैठा ओर रास्ते से करीब 50 मीटर गहरी खाई में गिर गया। गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यात्रा में जा रहे लोगों द्वारा उसे सिंहगाड़ बेस कैंप ले जाया गया।

### स्कूली बच्चों-बच्चियों से की अश्लील हरकतें

**शिमला।** रोहड़ू उपमंडल में एक सरकारी प्राइमरी स्कूल के बच्चों-बच्चियों से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरूद्ध पोक्सो एक्ट व छेड़छाड़ की धारा के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। दरअसल शिमला शहर स्थित चाइल्ड हेल्पलाइन को स्कूली बच्चों के साथ छेड़छाड़ की सूचना मिली थी। जिस पर चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम पड़ताल करने के लिए स्कूल पहुंची। बच्चों के साथ काउंसलिंग के बाद टीम को चला कि अंशुल नामक शख़्स ने सात बच्चों के साथ छेड़छाड़ की है। इनमें पांच नाबालिग लड़कियां और दो नाबालिग लड़के शामिल हैं।

### रेतुआ गांव में बादल फटने के बाद तेज बहाव से गई एक व्यक्ति की जान

**नाहन।** जिला सिरमौर के पांवटा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गिरिपार क्षेत्र के डांडा आँज पंचायत के रेतुआ गांव में बादल फटने जैसी घटना हुई है। बाद में टोंस नदी के तेज बहाव में बहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद प्रशासन ने प्रभावित इलाके में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है। जानकारी मुताबिक गिरिपार क्षेत्र के डांडा आँज पंचायत के रेतुआ गांव में बादल फटने से गांव और पूरे पंचायत के लोगों में भी दहशत फैल गई। बादल फटने के बाद एक व्यक्ति लापता हो गया। जिसकी पहचान 48 वर्षीय अमान सिंह पुत्र तेलुराम निवासी गांव कालाआम्ब डाण्डा आन्ज तह. पांवटा साहिब जिला सिरमौर के रूप में हुई।

### पुलिस ने तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

**हरिद्वार।** मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली पुलिस व एएनटीएफ टीम ने मुखबिर की सूचना पर शहर में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान लालजी वाला क्षेत्र से तीन लोगों को पकड़ा। तीनों के पास से 54 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### सिंगावराम के जंगल में हुई मुठभेड़

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के थाना जगरगुंडा क्षेत्र अंतर्गत शनिवार सुबह तुमार गट्टा, सिंगावराम के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से नक्सली का शव, एक भरमार बंदूक, वॉयरलेस सेट, भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य नक्सली सामग्री बरामद की है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि तुमार गट्टा, सिंगावराम के जंगल में हुई मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है और सभी जवान सुरक्षित हैं। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात्रि में जगरगुंडा एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी के जवानों को रवाना किया गया था।

### जौनपुरः पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल

**जौनपुर।** जनपद में चलाये जा रहे ऑपरेशन लंगड़ा अभियान के तहत शुक्रवार की देर रात बक्सा और बदलापुर थाना की पुलिस टीम से छह बदमाशों की मुठभेड़ हो गई। एक बदमाश के घायल होने पर उसके अन्य साथी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गये। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार बदमाश ने पूछताछ में अपना नाम सुलतानपुर जनपद का रहने वाला अमन यादव बताया है। जो बदमाश भागे हैं उनमें आयुष, विपिन यादव, सक्षम, शेरु गोस्वामी और आर्यन है। ये सभी प्रतापगढ़ और सुल्तानपुर जनपद के रहने वाले हैं। साथ में मिलकर ही लूट चोरी समेत अन्य अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं।

### देवासः केले से भरा ट्रक पुलिया से नीचे गिरा

**देवास।** मध्य प्रदेश के देवास जिले में शनिवार सुबह केले से भरा एक ट्रक पुलिया से नीचे जा गिरा। हादसे में ड्राइवर और कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, देवास शहर से 20 किमी दूर टोंककला क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब सात बजे एक ट्रक पुलिस से नीचे गिर गया। ट्रक केले से भरा हुआ था।

# हम प्रकृति का श्रृंगार पौधरोपण से करें : रजनी

● हमें ऑक्सीजन देने वाले पौधे पीपल, बरगद, आम, अमरूद, पाकर, महुआ व नीम आदि के वृक्षों को लगाना चाहिए

**झांसी। एजेंसी**

पर्यावरण को स्वस्थ बनाए रखने और हमें प्राणवायु देने का कार्य वृक्ष करते हैं। प्रकृति हमें बहुत कुछ देती है। इसलिए हमारा भी दायित्व बनता है कि हम प्रकृति का श्रृंगार वृक्षारोपण के साथ करें। ये विचार उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने व्यक्त किए। लोगों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि कभी-कभी अपनी आत्मा के लिए काम करें। किसी प्रमाण पत्र को प्राप्त करने के लिए कार्य न करें। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि हमें ऑक्सीजन देने वाले पौधे पीपल, बरगद, आम, अमरूद, पाकर, महुआ व नीम आदि के



वृक्षों को लगाना चाहिए। कम से कम एक पेड़ हर व्यक्ति व बच्चे को अपने जीवन मे जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमारी संवेदनाओं को जोड़ते हुए एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने बच्चों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि उन्हें एक नहीं एक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनका संरक्षण भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के हाव-भाव देखकर ऐसा लग रहा था कि वे ऐसा ही करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में 36 करोड़ से अधिक पौधे रोपित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मुहिम में सरकार के साथ समाज और हर व्यक्ति उनका साथ दे रहा है। स्वयं सेवी संस्था बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में तुलसी के पौधे का बड़ा महत्व है। लोगों का आह्वान करते हुए उनसे कहा कि कभी-कभी अपनी आत्मा के लिए काम करें। किसी प्रमाण पत्र को प्राप्त करने के लिए कार्य करें।

## उत्तर प्रदेश में वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है : आशीष पटेल

**सुलतानपुर। एजेंसी**

सुलतानपुर में प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है। इसकी रिपोर्ट एफआरआई ने दी है, यह हमारे लिए खुशखबरी है कि वन क्षेत्र हमारे लिए बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने हम सबको प्रेणना दी है कि एक पेड़ मां के नाम रोपित करके जलवायु परिवर्तन करने के लिए मोटीवेशन चला उसी में एक काम ये भी करें। मैं पूर्ण विश्वास के साथ कह रहा हूं कि आज भी जो पौधे रोपित होंगे, उन पौधों को



हम लोग अधिकतम सुरक्षित रखने में कामयाब होंगे। श्री पटेल के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में अयोध्या मण्डल के मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना, पुलिस अधीक्षक सोमेन एवं डीएफओ अमित सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर सांसद अनुराग शर्मा शिक्षक बिधायक डा बाबूलाल तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष हेमंत परिहार, जिलाधिकारी अविनाश कुमार, एसएसपी राजेश कुमार एस, मुख्य वन संरक्षक केके सिंह, वन संरक्षक महावीर प्रसाद,डीएफओ जे बी शैडे हेल्पिंग हैंडस सेवा संस्थान के अध्यक्ष सतेन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे। बड़े लक्ष्य के साथ अधिक से अधिक पौधों को बचाएंगे पत्रकारों से वार्ता करते हुए उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा की प्रदेश भर में 36 करोड़ से अधिक पौधों के रोपण का एक बड़ा लक्ष्य लेकर सरकार चल रही है।

### वाटर पार्क में फायरिंग व तोड़-फोड़ का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** नेशनल हाईवे पर स्थित किंग वॉटर पार्क में 6 जून को हुई मारपीट व धमाल करने के मामले में जिला विशेष टीम ने वाटर पार्क व मनोमय धागा फैक्ट्री में मारपीट, आगजनी व तोड़फोड़ मामले में मुख्य आरोपित रोशन जाट को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाटर पार्क में तोड़फोड़, फायरिंग मामले में अब तक कुल 31 लोगों व मनोमय धागा फैक्ट्री में आगजनी मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में भीलवाड़ा जिले के निवासी वांछित आरोपित की गिरफ्तारी पर 50 रुपये के ईनाम की घोषणा की थी। रोशन जाट जिले के चार प्रकरणों में वांछित होकर एक प्रकरण सदर चित्तौड़गढ़ व भीलवाड़ा जिले में 6 आपराधिक प्रकरणों में लिप्त पाया है। पुलिस ने पूर्व में रोशन जाट के दो बैंक खाते फ्रिज करवाये हैं तथा दो डम्पर भी जब्त किए थे। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि गत 6 जून को चित्तौड़गढ़ भीलवाड़ा नेशनल हाईवे पर स्थित किंग वॉटर पार्क में प्रवेश के लिए हुए झगड़े व जेसीबी से तोड़फोड़ की गई थी। इसी दौरान मनोमय धागा फैक्ट्री में आगजनी की थी। इन मामलों में पुलिस ने कई लोगों को चिन्हित किया था।

## अगले चुनाव में प्रचण्ड के साथ गठबन्धन नहीं करने को लेकर ओली-देउवा सहमत

**काठमांडू। एजेंसी**

नेपाल में दो बड़े राजनीतिक दलों के बीच बने सत्ता गठबन्धन को आगामी चुनाव तक कायम रखने और चुनाव में माओवादी के साथ गठबन्धन नहीं कर अकेले-अकेले चुनाव लड़ने की शर्त पर सहमति हुई है। माओवादी के साथ गठबन्धन तोड़ कर नेपाली कांग्रेस के साथ जाने से पहले दोनों दलों में लिखित सहमति हुई है। हालांकि यह सहमति अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है लेकिन इन दलों के नेताओं ने लिखित सहमति की कुछ बातों को सार्वजनिक कर दिया है। नेकपा एमाले के उपाध्यक्ष एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री ईश्वर पोखरेल ने कहा है कि इस गठबन्धन को आगामी चुनाव तक ले जाने की सहमति हुई है।

लेकिन इसके लिए एक शर्त यह है कि दोनों में से कोई भी दल प्रचण्ड के नेतृत्व में रहे माओवादी पार्टी के साथ गठबन्धन नहीं करेगा। एमाले उपाध्यक्ष ने कहा कि माओवादी के कारण इस देश में



राजनीतिक स्थिरता नहीं आ पाई है। उन्होंने माओवादी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रचण्ड एक अस्थिर चरित्र के नेता हैं और देश में अस्थिरता कायम रखने के लिए अलग-अलग दलों से गठबंधन कर चुनाव लड़ते हैं। संविधान सभा के बाद हुए पहले चुनाव में माओवादी ने एमाले के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था लेकिन दो साल के बाद ही अपनी पार्टी की सरकार गिरा कर कांग्रेस की सरकार को समर्थन कर दिया था। माओवादी ने कांग्रेस सरकार में रहते हुए ओली के साथ गबन्धन कर चुनाव लड़ा और बीच में कभी कांग्रेस के साथ मिल कर और कभी एमाले के साथ मिलकर सरकार गिराते रहे और बनाते रहे। इस बार भी तीसरी पार्टी बनने के बाद भी माओवादी ने कांग्रेस गठबन्धन में होने के बावजूद पहले तो एमाले के साथ मिल कर सरकार बनाई फिर एक महीने में यह गठबन्धन तोड़ कर कांग्रेस के साथ सरकार चलाई। एक वर्ष बाद फिर बिना किसी कारण यह गठबन्धन भी तोड़ कर एमाले के साथ सरकार चला रहे थे। प्रचण्ड इतने पर ही नहीं रुके। अभी ओली के साथ सरकार चलाते हुए चार महीने ही हुए थे कि फिर से कांग्रेस के साथ बातचीत शुरू कर दी।

यही कारण है कि इस बार दोनों दलों ने मिल कर माओवादी से किनारा किया और आपस में गठबन्धन कर लिया। नेपाली कांग्रेस ने भी एमाले नेता के इस दावे का समर्थन किया है कि अगले चुनाव में माओवादी के साथ कोई गठबन्धन नहीं किया जाएगा। नेपाली कांग्रेस नेता डॉ. मिनेन्द्र रिजाल ने कहा कि सरकार की स्थिरता के लिए ही यह गठबंधन बनाया गया है।

## ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के लिए करें पौधरोपण : आनंदीबेन

**सीतापुर। एजेंसी**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को सीतापुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने सफेद चन्दन का पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। राज्यपाल ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हम सभी को माँ के नाम से पौधरोपण का एक अच्छा अवसर दिया है।

आनंदीबेन पटेल ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम के अभियान से देश भर में करोड़ों पेड़ लगाए जा रहे हैं। उन्होंने वृक्षारोपण को एक उत्सव के रूप में मनाने की बात करते हुए कहा कि पेड़ लगाए जाने के साथ-साथ उन्हें जीवित रखना और उनकी उचित देखभाल हमारा लक्ष्य होना चाहिए। हमारी पीढ़ी को यह सीखना पड़ेगा कि आने वाले समय में किस तरह उन्हें कार्य करना है व कैसे संस्कार देना है। जहां-जहां पर पौधरोपण हो, वहां पर मां के नाम से गार्डेन बनना चाहिए ताकि उस



महान मां की उपलब्धियों के विषय में शिक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि आजादी के 100वें वर्ष को मनाने की जिम्मेदारी आज के छोटे-छोटे बच्चों के ऊपर है। अभी से बच्चों को अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के प्रति शिक्षित करें। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करनी चाहिये।

इस अवसर पर होमगाड्र्स नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति और वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री कृष्णपाल मलिक ने भी पौधरोपण कियाा।

## प्रख्यात कृषिविद कमला पुजारी का निधन राष्ट्रपति और पीएम ने शोक व्यक्त किया

● कई किसानों, खासकर महिला किसानों के बीच जैविक खेती को बढ़ावा दिया

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ओडिशा की प्रख्यात कृषिविद आदिवासी महिला कमला पुजारी का शनिवार को निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कमला पुजारी जैविक खेती में अपने योगदान और धान की सैकड़ों देशी किस्मों के संरक्षण के लिए जानी जाती थीं। 2019 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था।

राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि प्रख्यात कृषिविद श्रीमती कमला पुजारी के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। उन्हें धान



और अन्य फसलों के लुप्तप्राय और दुर्लभ बीजों को संरक्षित करने की उनकी प्रेरक पहल के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कई किसानों, खासकर महिला किसानों के बीच जैविक खेती को बढ़ावा दिया। जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण में उनके योगदान को याद किया जाएगा। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा श्रीमती कमला पुजारी जी के निधन से दुखी हूं। उन्होंने कृषि, विशेष रूप से जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने और देशी बीजों की रक्षा करने में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्थिरता को समृद्ध करने और जैव विविधता की रक्षा करने में उनके काम को वर्षों तक याद किया जाएगा। वह आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने में भी एक प्रकाश स्तंभ थीं। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

## मुख्यमंत्री सुख-आश्रय कोष में डेढ़ करोड़ रुपये का अंशदान

**शिमला। एजेंसी**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू को शनिवार को शिमला में वेद विहार पब्लिक स्कूल एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष के. एस. श्रीकोट ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के लिए 1,54,08,657 रुपये का चेक भेंट किया। इस धनराशि के अलावा, सोसायटी ने 110 बेंच, 16 लकड़ी के बक्से, 84 कुर्सियां, तीन संगीत वाद्य यंत्र और विभिन्न प्रकार की ज्ञानवर्धक पुस्तकें भी प्रदान कीं। इन पुस्तकों में 85 व्याकरण की पुस्तकें, 53 कला और ड्राइंग की पुस्तकें, 25 गणित और विज्ञान की पुस्तकें, 24 कंप्यूटर प्रौद्योगिकी की पुस्तकें, 22 सामान्य ज्ञान की पुस्तकें, 12 मानचित्र मास्टर्स की पुस्तकें और छह सामाजिक अध्ययन की पुस्तकें शामिल हैं।

वेद विहार पब्लिक स्कूल एजुकेशनल सोसायटी द्वारा उदार योगदान के लिए मुख्यमंत्री ने



आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे समाज के सम्पन्न वर्गों को वंचित एवं जरूरतमंद लोगों के कल्याण के लिए आगे आने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश सरकार की वंचित वर्गों के कल्याण और उत्थान की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने प्रदेश के 6000 से अधिक अनाथ बच्चों को कानूनी अधिकार प्रदान करते हुए उन्हें 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है।

### दुष्कर्म का आरोपित मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फरुर्खाबाद।** जनपद में बीते दिनों शादी समारोह से एक बच्ची को गायब कर उससे दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार देर रात को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। गोली से घायल होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उस पर पच्चीस हजार रुपये का इनाम था। उसकी तलाश में मोहम्मदाबाद थाना पुलिस और एसओजी टीमें लगी थी। मोहम्मदाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र में राधे-राधे गेस्ट हाउस में 11 जुलाई को एक शादी समारोह में शामिल होने आई चार वर्षीय बच्ची अचानक गायब हो गई। काफी तलाश के बाद परिवार को बच्ची अस्त व्यस्त हालत में मिली थी। उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया। यही नहीं उसके जेवर भी गायब थे। पीड़ित बच्ची के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की थी। सीसीटीवी कैमरे में एक युवक की पहचान पुलिस ने करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी।उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया।

**कार्यक्रम** | **जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ**

# छिंदवाड़ा के औद्योगिक विकास में कोई कमी नहीं रहेगी : डॉ. मोहन

**जबलपुर। एजेंसी**

मध्य प्रदेश में औद्योगिक विकास की गति बढ़ाने शनिवार को संस्कारधानी जबलपुर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दीप प्रज्वलित कर इस क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का शुभारंभ किया। जबलपुर, कटनी और इटारसी में निवेश के लिए देश-दुनिया के निवेशक जबलपुर रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव में पहुंचे हैं। नेताजी सुभाषचंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर में पांच देशों और नौ राज्यों के 3500 से ज्यादा निवेशक मौजूद हैं।

निवेशकों में अदाणी समूह की डिफेंस यूनिट देख रहे अशोक वाधवान, एडवांस वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड के राजेश चौधरी, सैन्य वाहन निगम लिमिटेड के सीएमडी संजय द्विवेदी जैसे बड़े नाम

● नेताजी सुभाषचंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर में पांच देशों और नौ राज्यों के 3500 से ज्यादा निवेशक मौजूद हैं



शामिल हैं। अदाणी समूह अभी शिवपुरी के आसपास 10 हजार करोड़ का निवेश करने वाला है। जमीन देख ली गई है। यह गोला-बारूद उत्पादन से जुड़ी यूनिट होगी। डिफेंस में निवेश करने के लिए 50 एकड़ तक जमीन 75 फीसदी डिस्काउंट पर दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवास, कटनी, पिपरिया और छिंदवाड़ा में में औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा में 15 यूनिट का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण और शिलान्यास किया कर कहा कि छिंदवाड़ा के औद्योगिक विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। महाकौशल अंचल खनिज और वन संपदा से समृद्ध है। कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए अनुकूल है। रक्षा उत्पाद के निर्माण में प्रगतिशील है। वस्त्र एवं पर्यटन उद्योग को लेकर भी अंचल में अपार संभावनाएं है। क्षेत्रों में निवेश से औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। बड़े निवेशकों के आगमन से समूचे महाकौशल में समृद्धि के द्वार खुलेंगे। सीएम डॉ. यादव 80 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक और सूचना केंद्र का उद्घाटन के साथ क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का भी शुभारंभ किया। सम्मेलन में ब्रिटेन, ताइवान सहित पांच देशों के प्रतिनिधि, प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न उद्योग संघों के प्रतिनिधियों और प्रमुख विदेशी प्रतिनिधियों सहित उद्योग जगत की 3500 से अधिक प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं।

# बांग्लादेश में जारी हिंसक प्रदर्शन के बीच 245 भारतीय स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली। एजेंसी**

बांग्लादेश में छात्रों के जारी हिंसक विरोध-प्रदर्शन के बीच वहां रहने वाले 15,000 भारतीयों की सुरक्षा को लेकर सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है। बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन और अराजकता के बीच शुक्रवार रात को 245 भारतीय स्वदेश लौट आए हैं। बांग्लादेश में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान राजधानी ढाका तथा अन्य जगहों पर हिंसा भड़क गई है। इसमें करीब 30 व्यक्तियों की मौत हो चुकी है और कोई अन्य घायल हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने



संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बताया कि बांग्लादेश में रह रहे 8,500 छात्रों सहित 15,000 भारतीय सुरक्षित हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग वहां रह रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है।

उन्होंने बताया कि बांग्लादेश से शुक्रवार रात आठ बजे तक 245 भारतीय सुरक्षित भारत लौट आए, जिसमें से 125 छात्र हैं। सूत्रों ने बताया कि भारतीय उच्चायोग ने नेपाल के 13 छात्रों की सुरक्षित वापस के लिए भी मदद की। जायसवाल ने कहा, जैसा कि आप जानते हैं कि बांग्लादेश में छात्रों का प्रदर्शन जारी हैं। हम इसे उनका आंतरिक मामला मानते हैं।

## एक नजर

### वाराणसी के शिवेश शर्मा ने 8वीं साउथ एशिया कराटे टूर्नामेंट में जीता रजत




**वाराणसी।** भूटान के थिम्फू में 13 से 20 जुलाई तक आयोजित आठवीं कैडेट, जूनियर, अंडर-21 और सीनियर साउथ एशियन कराटे प्रतियोगिता में वाराणसी के कांनीनजुक आर. बी. मार्शल आर्ट्स एकडेमी के खिलाड़ी शिवेश शर्मा ने रजत पदक जीता। शिवेश ने पुरुष कैडेट- 52 भार वर्ग में भारतीय कराटे टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पक्का किया। प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक नेपाल के श्रेष्ठ ने जीता' शिवेश के कोच सेंसेई अरविन्द कुमार यादव ने बताया कि भारतीय टीम में शिवेश का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर हुआ था। इस उपलब्धि के लिए अवसर प्रदान करने के लिए कोच ने कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव जसपाल सिंह का आभार जताया। शिवेश की इस उपलब्धि पर क्योशि परमजीत सिंह, क्योशी जसपाल सिंह, सेंसई दिलीप सैनी, सेंसेई अखिलेश रावत सहित अन्य वरिष्ठों ने बधाई दी। शिवेश का वाराणसी आगमन 23 जुलाई को होगा। यहां उनका भव्य तरीके से स्वागत किया जाएगा।

### लिएंडर पेस और विजय अमृतराज का इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम में सम्मान



**न्यूपोर्ट।** भारतीय टेनिस दिग्गज लिएंडर पेस के लिए यह पुरानी यादों को ताजा करने जैसा था, जब उन्होंने अपने परिवार के साथ न्यूपोर्ट स्थित इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम के संग्रहालय का भ्रमण किया। लिएंडर की यादगार चीजों में से, जो अब यूएस ईस्ट कोस्ट के इस अनोखे, समृद्ध समुद्र तटीय शहर में प्रदर्शित की जाएंगी, उनकी सबसे प्रिय चीज उनका 1996 अटलांटा ओलंपिक कांस्य पदक है। लिएंडर ने अपने शुभचिंतकों से भरे हॉल में अपने आंसुओं को रोकने की कोशिश करते हुए कहा मैंने खेल खेलना इसलिए शुरू किया क्योंकि मैं अपने पिता की तरह बनना चाहता था जिन्होंने ओलंपिक (म्यूनिख 1972 में कांस्य) पदक जीता था। मेरे माता-पिता वहां (अटलांटा में) थे, और वे मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं। मेरे दोनों भाई-बहनों ने मेरे लिए बहुत कुछ त्याग किया।

### मयंक, पडिक्कल, मनीष पांडे रिटेन किये गए खिलाड़ियों में शामिल



**बेंगलुरु।** श्रीराम कैपिटल महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 के तीसरे सीजन से पहले कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने छह फ्रेंचाइजी द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। मयंक अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मनीष पांडे, करुण नायर, अभिनव मनोहर और व्यशाक विजयकुमार रिटेन किए गए खिलाड़ियों में सितारों में शामिल हैं। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में 15 अगस्त से 1 सितंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट में गत विजेता हुबली टाइगर्स, उपविजेता मैसूर वारियर्स, गुलबर्गा मिस्टिक्स, बेंगलुरु ब्लास्टर्स, मंगलुरु ड्रैगन्स और शिवमोगा लायंस खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक फ्रैंचाइज ने 25 जुलाई, 2024 को होने वाली खिलाड़ी नीलामी से पहले अपने पिछले सीजन की टीम से चार खिलाड़ियों को बनाए रखने के अपने अधिकार का प्रयोग किया। गत विजेता हुबली टाइगर्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ चैंपियनशिप सीजन से लौटे कप्तान मनीष पांडे, विकेटकीपर श्रीजीत केएल और युवा ऑलराउंडर मनवंत कुमार की सेवाएं बरकरार रखीं। मध्यम गति के तेज गेंदबाज विद्वाथ कवरप्पा भी हुबली टाइगर्स के गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। उल्लेखनीय है कि मनीष पांडे और श्रीजीत केएल पिछले सीजन में शीर्ष पांच रन बनाने वालों में शामिल थे, जबकि मनवंत कुमार सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

# पेरिस ओलंपिक में भारतीय सेना के 24 एथलीट दिखाएंगे दमखम

## पेरिस ओलंपिक में दो महिला सैन्य एथलीट पहली बार शामिल होंगी

- स्टार जेवलिन थ्रोअर सूबेदार नीरज चोपड़ा स्वर्ण पदक लाने को तैयार



**नई दिल्ली। एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक में भारत से शामिल होने वाले 117 भारतीय एथलीटों में 24 सशस्त्र बल कर्मी होंगे। इन 24 एथलीटों में 22 पुरुष हैं, जिनमें स्टार जेवलिन थ्रोअर सूबेदार नीरज चोपड़ा शामिल हैं। दो महिला एथलीट हैं। ओलंपिक में महिला सैन्य एथलीट पहली बार शामिल होंगी। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता सूबेदार नीरज चोपड़ा एक बार फिर पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेकर स्वर्ण पदक का दावा करेंगे। सेना के सूबेदार नीरज चोपड़ा ने वर्ष 2023 के एशियाई खेलों, विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप, वर्ष 2024 की डायमंड लीग और वर्ष 2024 के पावो नूरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। वर्ष 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता हवलदार जैस्मीन लाम्बोरिया और वर्ष 2023 के एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता सीपीओ रितिका हुड्डा महिला सेवा कर्मी पहली बार ओलंपिक खेलों में भाग ले रही हैं।

वे मुक्केबाजी और कुश्ती में भाग लेंगी। पेरिस ओलंपिक में सैन्यकर्मियों की भागीदारी खेल उत्कृष्टता को प्रोत्साहन देने और एथलेटिक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। सेना के सूबेदार अमित पंघाल (मुक्केबाजी), सीपीओ तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट-पुट), सूबेदार अविनाश मुकुंद साबले (3000 मीटर स्टीपलचेज), सीपीओ मोहम्मद अनस याहिया, पीओ (जीडब्ल्यू) मुहम्मद अजमल, सूबेदार संतोष कुमार तमिलारासन और जेडब्ल्यूओ मिजो चाको कुरियन (4400 मीटर पुरुष रिले), जेडब्ल्यूओ अब्दुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), सूबेदार तरुणदीप राय और सूबेदार धीरज बोम्मा देवरा (तीरंदाजी) और नायब सूबेदार संदीप सिंह (निशानेबाजी) भी उन सैन्य कर्मियों में शामिल हैं, जो देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे।

### नडाल सेमीफाइनल में, मैराथन मुकाबले में नवोन को दी शिकस्त



**बास्टाड। एजेंसी**

राफेल नडाल ने शुक्रवार को अर्जेंटीना के मारियानो नवोन को तीन घंटे और 59 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 6-7 (2/7), 7-5, 7-5 से हराकर बास्टाड ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने दो साल पहले विंबलडन के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई है। जीत के बाद नडाल ने कहा यह बहुत करीबी, लंबा और थका देने वाला मैच था। लगभग चार घंटे तक चला यह मैच उनके करियर का दूसरा सबसे लंबा तीन सेट का मैच था। इससे पहले 2009 में नोवाक जोकोविच के खिलाफ मैड्रिड सेमीफाइनल मैच 4 घंटे 3 मिनट तक चला था। उन्हें तेजी से उभरते हुए नवोन के खिलाफ खराब शुरूआत से उबरना पड़ा, जो वर्ष की शुरूआत में शीर्ष 100 से बाहर रहने के बाद अब विश्व में 36वें स्थान पर है।

नडाल ने लगातार तीन बार अपनी सर्विस गंवाई, जबकि उनका प्रतिद्वंद्वी ओपन युग में इस साल के फ्रेंच ओपन में अपने पहले ग्रैंड स्लैम में वरीयता प्राप्त करने वाला पहला खिलाड़ी बन गया। स्पेनिश खिलाड़ी नडाल 4-1 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने सेट में वापसी की।

### पीसीबी ने ग्लोबल टी20 लीग के लिए खिलाड़ियों को एनओसी देने से किया इन्कार



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के स्टार क्रिकेटर बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी के ग्लोबल टी20 कनाडा में भाग लेने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के अनुरोध को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ठुकरा दिया है, क्योंकि उनके पास बहुत ज्यादा अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम हैं। इससे पहले नसीम शाह को भी इसी कारण से द हंड्रेड में भाग लेने के लिए एनओसी नहीं दिया गया था। पीसीबी ने एक बयान में कहा, ₹पीसीबी को ग्लोबल टी20 इवेंट के लिए बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी सहित अन्य खिलाड़ियों से एनओसी अनुरोध प्राप्त हुए थे। अगस्त 2024 से मार्च 2025 की अवधि में पाकिस्तान के व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए, जिसमें नौ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप मैच और अगले साल की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 शामिल है, तीन खिलाड़ियों के साथ-साथ राष्ट्रीय चयन समिति के साथ परामर्श के बाद, उनके अनुरोधों को अस्वीकार करने का निर्णय लिया गया है। बयान में कहा गया है, ये तीनों सभी प्रारूपों के क्रिकेटर हैं और आगामी आठ महीनों में उनकी सेवाओं की आवश्यकता होने की उम्मीद है, जिसके दौरान पाकिस्तान नौ टेस्ट, 14 एकदिवसीय और नौ टी20 मैच खेलेगा। इस प्रकार, और पीसीबी की कार्यभार प्रबंधन नीति के अनुरूप, यह पाकिस्तान क्रिकेट और खिलाड़ियों के सर्वोत्तम हित में है कि वे कनाडा में होने वाले आगामी कार्यक्रम को छोड़ दें।

## जूनियर पुरुष, महिला पश्चिम क्षेत्र हॉकी आज से



- यह चैंपियनशिप खिलाड़ियों के रूप में सीखने और विकसित होने के बारे में है

**नई दिल्ली। एजेंसी**

दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला पश्चिम क्षेत्र चैंपियनशिप 2024 छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 21 से 28 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। भाग लेने वाली टीमों को महिला वर्ग में दो पूल में बांटा गया है। पूल ए में हॉकी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ हॉकी और हॉकी गुजरात शामिल हैं। पूल बी में हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी राजस्थान, गोवा हॉकी और दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव हॉकी शामिल हैं।

प्रतियोगिता का प्रारूप प्रत्येक पूल में राउंड-रॉबिन होगा, जिसमें प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पुरुष वर्ग में छह टीमें हॉकी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ हॉकी, हॉकी गुजरात, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी राजस्थान और गोवा हॉकी एक ही पूल में हैं। राउंड-रॉबिन से शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी, जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें नॉकआउट मुकाबले में तीसरे स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा हम दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला वेस्ट जोन चैंपियनशिप का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें क्षेत्र की होनहार युवा प्रतिभाएं एक साथ आएंगी। उन्होंने कहा यह चैंपियनशिप खिलाड़ियों के रूप में सीखने और विकसित होने के बारे में है।

यह युवा खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने और महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त करने के लिए एक अच्छा मंच प्रदान करता है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा हमारा उद्देश्य जूनियर खिलाड़ियों को निखारना और उन्हें सर्वश्रेष्ठ संभव प्रदर्शन देना है। इस तरह की प्रतियोगिताएं उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें खेल के उच्च स्तरों के लिए तैयार करने में सहायक होती हैं।

प्रतियोगिता के पहले दिन महिला वर्ग में हॉकी मध्य प्रदेश का मुकाबला गोवा हॉकी से होगा, जबकि हॉकी राजस्थान का मुकाबला दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव हॉकी से होगा। पुरुष वर्ग में हॉकी मध्य प्रदेश का मुकाबला गोवा हॉकी से, हॉकी राजस्थान का मुकाबला हॉकी गुजरात से और हॉकी महाराष्ट्र का मुकाबला छत्तीसगढ़ हॉकी से होगा।

## स्पेन ने 2030 विश्व कप फाइनल के लिए की मेजबान मैदानों की घोषणा



**मैड्रिड। एजेंसी**

स्पेन के खेल अधिकारियों ने 2030 विश्व कप फाइनल के मैचों की मेजबानी के लिए फुटबॉल मैदानों की घोषणा कर दी है। देश पुर्तगाल और मोरक्को के साथ मिलकर 2030 विश्व कप फाइनल की मेजबानी करेगा। मेजबान स्टेडियमों की पूरी सूची आधिकारिक तौर पर जुलाई के अंत तक फीफा को प्रस्तुत की जानी है, और स्पेन की राजधानी मैड्रिड और बार्सिलोना दोनों में दो मैदान हैं, जिसमें रियल मैड्रिड का सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम और एटलेटिको मैड्रिड का मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम, एफसी बार्सिलोना का कैंप नोउ स्टेडियम और एस्पेनयोल का कॉर्नेला-एल प्रैट शामिल हैं। बर्नब्यू और कैंप नोउ दोनों ही फाइनल की मेजबानी के लिए उम्मीदवार हैं, जिसमें बर्नब्यू वर्तमान में पसंदीदा है। शेष मैदान एथलेटिक क्लब बिलबाओ का सैन मैम्स स्टेडियम, रियल सोसाइडाड का रीले एरिना (सैन सेबेस्टियन में) और डेपोर्टिवो ला कोरुना का रियाजोर स्टेडियम हैं। सेविले में एस्टाडियो डे ला काटुर्जा एक अन्य स्थल है, और इसे शहर में सेविला और बेटिस दोनों के घरेलू मैदानों से आगे चुना गया है, जबकि मैलागा का ला रोसालेडा स्टेडियम स्पेन के दक्षिण में एक और स्थान है। जरागोजा में ला रोमारेडा भी आयोजन स्थलों में से एक है, हालांकि उस मैदान को व्यापक सुधारों की आवश्यकता होगी जैसा कि एस्टाडियो डी ग्रैन कैनरिया को भी करना होगा, जो लास पालमास का घर है और कैनरी द्वीप में स्थित है, जो मैड्रिड से हवाई जहाज मार्ग द्वारा लगभग तीन घंटे की दूरी पर है।

शायद मैदानों के चयन में आश्चर्य की बात यह है कि वालेंसिया में कोई स्टेडियम नहीं है, जो स्पेन के सबसे बड़े शहरों में से एक है। यह मुख्य रूप से इस तथ्य के कारण है कि वालेंसिया के मेस्टला स्टेडियम को भी व्यापक सुधारों की आवश्यकता है।

## एआईएफएफ पुरस्कार : वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए लालियानजुआला, इंदुमति




**नई दिल्ली। एजेंसी**

लालियानजुआला छांगते और इंदुमति कथिरेसन को शुक्रवार को नई दिल्ली में खेल जगत की कई हस्तियों की मौजूदगी में आयोजित एक शानदार एआईएफएफ अवार्ड नाइट में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) का वर्ष 2023-24 का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी चुना गया।

एआईएफएफ की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त, भारत के डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल और भारतीय खेल जगत के कई अन्य जाने-माने चेहरे शामिल थे। इस अवसर पर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के सभी शीर्ष अधिकारी मौजूद थे, जिनमें एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे, उपाध्यक्ष एनए हारिस, कोषाध्यक्ष किपा अजय, कार्यवाहक महासचिव एम सत्यनारायण, कार्यकारी समिति के सदस्य और राज्य संघों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। खेल मंत्री का स्वागत करते हुए एआईएफएफ अध्यक्ष चौबे ने कहा मैं यहां हमारे साथ शामिल होने के लिए केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मंडाविया और एआईएफएफ और आईओए के अपने सभी सहयोगियों को धन्यवाद देना चाहता हूं।

यह एक विशेष दिन है क्योंकि हम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों, कोचों, रेफरी, सदस्य संघों और भारतीय फुटबॉल बिरादरी से जुड़े सभी लोगों को सम्मानित करते हैं, जो हमारे देश में खेल को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मंडाविया ने कहा एआईएफएफ और हमारे मित्र चौबे द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में उपस्थित होना सम्मान की बात है।

# वाणिज्य



## माईक्रोसॉफ्ट आउटेज के बाद विमानों का परिचालन सामान्य : राममोहन नायडू



**मुंबई/नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि वैश्विक आईटी व्यवधान के कारण प्रभावित एयरलाइन प्रणाली अब सामान्य तौर पर काम करने लगी हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि सभी मुद्दे जल्द सुलझ जाएंगे। नायडू ने 'एक्स' पोस्ट पर बयान में कहा कि दुनियाभर में सूचना प्रौद्योगिकी माईक्रोसॉफ्ट के सर्वर ठप होने के कारण शुक्रवार को प्रभावित हवाई अड्डों पर एयरलाइन सिस्टम सामान्य रूप से काम करने लगी हैं। नागर विमानन मंत्रालय एयरपोर्ट और एयरलाइनों के परिचालन की लगातार निगरानी कर रहा है, ताकि यात्रा समायोजन और रिफंड का ध्यान रखा जा सके। नायडू ने एक बयान में कहा कि सुबह तीन बजे से हवाई अड्डों पर एयरलाइन प्रणाली सामान्य रूप से काम करने लगी हैं। हमें उम्मीद है कि सभी मुद्दे जल्द सुलझ जाएंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इंडिगो, स्पाइसजेट, अकासा और एयर इंडिया एक्सप्रेस सहित अधिकांश एयरलाइनों की आरक्षण और चेक-इन प्रणाली अब चालू हो गई है। वहीं एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसने कल इतनी परेशानियों के बाद भी एक उड़ान रद्द नहीं की थी।

इंडिगो ने कहा वैश्विक व्यवधान के कारण परिचालन संबंधी कठिनाइयां पैदा हो गईं थीं, जो लगभग हल हो गई हैं। उल्लेखनीय है कि माइक्रोसॉफ्ट से संबंधित तीसरे पक्ष के सॉफ्टवेयर मंच के अपडेट की वजह से विंडोज संचालित उपकरणों के प्रभावित होने से शुक्रवार को भारत सहित दुनियाभर में प्रौद्योगिकी संबंधी व्यवधान का सामना करना पड़ा था। इसकी वजह से विमानन, मीडिया एवं वित्तीय सेवाएं प्रभावित हुईं, जबकि कई अन्य कंपनियों का कामकाज भी प्रभावित हुआ। हालांकि भारत में शेयर बाजार और बैंकिंग सेक्टर इससे अप्रभावित रहे।

## चौथी पीढ़ी के एक्स-ट्रेल को लॉन्च करने वाली है निसान



**नई दिल्ली। एजेंसी**

चौथी पीढ़ी के एक्स-ट्रेल को निसान कंपनी जल्द लॉन्च करने वाली है। कंपनी के अनुसार, इस एसयूवी को सीबीयू के जरिए आयात किया जाएगा। भारत में इसे थ्री- रो एडिशन में लाया जाएगा। इसमें स्प्लिट-हेडलैंप सेटअप, डार्क क्रोम में तैयार वी-मोशन ग्रिल, प्लास्टिक क्लैडिंग के साथ गोल व्हील आर्च, डायमंड-कट अलॉय व्हील और रैपराउंड एलईडी टेल शामिल हैं।

एक्स-ट्रेल डायमंड ब्लैक, शैंपेन सिल्वर और पर्ल व्हाइट कलर ऑप्शन में अवेलेबल होगी। एक्स-ट्रेल की लंबाई 4,680 मिमी, चौड़ाई 1,840 मिमी, ऊंचाई 1,725 मिमी और व्हीलबेस 2,705 मिमी लंबा है। 7-सीटर एसयूवी का 210 मिमी ग्राउंड क्लीयरेंस है और यह 255/45 आर 20 टायर के साथ आती है। टीजर से पता चलता है कि एक्स-ट्रेल में डुअल-पैन पैनोरमिक सनरूफ, डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, 8-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट, 12.3-इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, वायरलेस स्मार्टफोन चार्जर होगा। इस एसयूवी को सीबीयू के रूप में लाया जाएगा तो इसकी कीमत 40 लाख-45 लाख रुपये के बीच होने की उम्मीद है।

### कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड टूटकर 83 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड 2.48 डॉलर यानी 2.91 फीसदी की गिरावट के साथ 82.63 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 2.69 डॉलर यानी 3.25 फीसदी टूटकर 80.13 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## आयकर विभाग ने ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने का सुझाया उपाय




**नई दिल्ली। एजेंसी**

आयकर विभाग ने आयकरदाताओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी से चेतावनी के साथ बचाव के तरीकों के बारे में उचित परामर्श जारी किया है। आयकर विभाग ने करदाताओं को साइबर अपराध रोकथाम के तहत ऑनलाइन धोखाधड़ी से खुद को बचाने की सलाह दी है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने शनिवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में करदाताओं को ऑनलाइन होने वाली धोखाधड़ी से बचने के तरीकों के बारे में जानकारी दी है। विभाग ने टैक्सपेयर्स के लिए जारी अपनी सलाह में ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय भी सुझाए हैं। आयकर विभाग ने करदाताओं से कहा है कि कृपया ध्यान दें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी कभी भी साझा न करें। आयकर विभाग ने करदाताओं को अपनी व्यक्तिगत जानकारियों- ओटीपी, बैंक अकाउंट, पैन और आधार नंबर कभी किसी से शेयर नहीं करने की सलाह दी है। विभाग ने करदाताओं को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से संबंधित बिना सत्यापित किसी भी लिंक पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी है। इसके साथ ही करदाताओं से अपना आयकर रिटर्न आयकर विभाग के आधिकारिक ई-फाइलिंग वेबसाइट Xhttps://incometaxindia.gov.in/Pages/taxpayers-charter-reports.aspx पर लॉगिइन करके फाइल करने की सलाह दी है।

# सोच बदलो- गांव बदलो टीम के द्वारा अनोखी पहल, रक्तदान शिविर के साथ-साथ रक्तदाताओं को पेड़ दान किया: डॉ. सत्यपाल मीणा क्रर

चमकता राजस्थान




**धौलपुर (रामदास तरुण) बाड़ी।** 20 जुलाई 24 को सोच बदलो-गांव बदलो टीम ने उत्थान परिसर बाड़ी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह रक्तदान शिविर अभियान के प्रणेता एवं भारतीय राजस्व सेवा के आईआरएस अधिकारी एडिशनल कमिश्नर डॉ. सत्यपाल सिंह मीना के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर रक्तदान करने के लिए धौलपुर एवं अन्य जिलों के सैकड़ों युवाओं, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की भीड़ लगी रही। युवा रक्तदाताओं के उत्साह के आगे बैड भी कम पड़ गए, तो एक बैड पर एक साथ दो-दो युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में धौलपुर जिले के 'अर्पण ब्लड बैंक' एवं 'राजधानी ब्लड बैंक' के अलावा करौली के 'भारत ब्लड बैंक' की टीमों ने शिविर स्थल पर पहुंचकर रक्तदाताओं के रक्त को संरक्षित किया। ये ब्लड बैंक सोच बदलो-गांव बदलो टीम की अनुशंसा पर ज़रूरतमंद लोगों के लिए रक्त उपलब्ध कराती हैं। मानव शरीर की वाहिकाओं में दौड़ रहे 'रक्त' की कीमत व्यक्ति को ज़रूरत पड़ने के समय ही पता चलती है। कई बार ज़रूरतमंद व्यक्ति को यदि समय पर रक्त न मिले, तो उसका जीवन संकट में पड़ जाता है। यही वह वजह है। जिसने सोच बदलो-गांव बदलो टीम को मानवीय संवेदनाओं को समझने और जरूरतमंद व्यक्ति के लिए आवश्यकता के समय रक्त आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु रक्तदान-महादान' जैसे प्रकल्प की शुरूआत करने की प्रेरणा दी ।

## एसबीजीबीटी का मानवीय प्रकल्प 'रक्तदान- महादान'

» टीम के चीफ़ कोऑर्डिनेटर देवेन्द्र सिंह धनेरा ने बताया कि यह टीम का पांचवा रक्तदान शिविर है। इस शिविर में 151 रक्तदाताओं ने अपनी रक्तवाहिकाओं से रक्त डोनेटरक्तदान कर मानवता की सेवा में समर्पित होकर एसबीजीबीटी के संस्थापक के जन्मदिन को यादगार बना दिया। शिविर के आयोजन का उद्देश्य ज़रूरतमंद लोगों को आवश्यकता के समय रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना,रक्तदान के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है।

## जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ा धर्म: डॉ मीना

इस अवसर पर भोपाल से पधारकर डॉ. मीना ने कार्यकर्ताओं और रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया! और युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे मानवहित और जनकल्याण हेतु आगे आकर समय-समय पर रक्तदान कर ज़रूरतमंद लोगों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भागीदारी अदा करें। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना ही व्यक्ति का सबसे बड़ा धर्म है। इस शिविर में रक्तदाताओं को सोच बदलो-गांव बदलो टीम की ओर से प्रतीक चिन्ह और एक फलदार पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ.मीना के जन्मदिवस पर आयोजित इस शिविर में ईको नीड्स फाउंडेशनर के संस्थापक डॉ. प्रियानंद आगले ने महाराष्ट्र से आकर डॉ. मीना को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं।

### ● पर्यावरण के प्रति संकल्पबद्ध हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

डॉ. मीना के जन्मदिवस के अवसर पर टीम के कार्यकर्ताओं और सैकड़ों युवाओं ने बिशनगिरि धाम एवं अन्य स्थानों पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए रोपे गए पौधों की देखभाल करने की भी ज़िम्मेदारी ली। बता दें कि सोच बदलो-गांव बदलो टीम पर्यावरण सरोकारों से संबद्ध अपने 'ग्रीन विलेज-क्लीन विलेज' प्रकल्प के तहत प्रतिवर्ष बारिश के समय में जगह-जगह वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर रक्तदान शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के संयोजक कार्यकर्ता कमलसिंह, डॉ. चेतराम मीणा, डॉ. गब्बर सिंह मीणा, विष्णु मीणा, किशन सिंह मीणा मीणा समाज अध्यक्ष, रामलखन मीणा सरपंच, श्री श्री राधा कृष्ण दास महाराज, श्याम फोटोग्राफर, मनोज रावत, रंजीत, दिनेश, मनेन्द्र(मन्नू) एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जागरुकता अभियान कार्यक्रम आयोजित



चमकता राजस्थान

वैर (राजवीर सिंह)। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उपखंड वैर के गांव बांसी के अंतर्गत ब्लॉक वैर में किया गया इस जागरूकता कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता केंद्र की ओर से एलडीएम प्रशात कुमार आरएससीटी उपेन्द्र अवस्थी पीएनबी बैंक अजय सिंह एफएलसी मानसिंह मीना व सीएफएल एरिया मैनेजर गिल्लू राम जाट व सीएफएल से सेंटर मैनेजर दिनेश चंद मीना औरडीईओ अजीराम मीना और राजीविका से बीपीएम राजेश जी के द्वारा उपस्थित 80 प्रतिभागियों को साइबर क्राइम के अंतर्गत हो रही ठगी के प्रति सावधान किया गया एवं बचने के उपाय बताए गए, डिजिटल बैंकिंग के बारे में जागरूक किया गया।एटीएम के द्वारा लेनदेन एवं एटीएम पर दुर्घटना बीमा एवं जीवन बीमा तथा कई अन्य सुविधाओं के बारे में समझाया गया तथा प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाएं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना मे 60 और जीवन ज्योति बीमा योजना 10 अटल पेंशन योजना 10 सुकन्या समृद्धि योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया '

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीनाथ जी मंदिर में किए दर्शन प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की



चमकता राजस्थान

**जयपुर, 20 जुलाई।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को डीग के पूंछरी का लौठा पहुंचकर गिरिराज जी की पूजा-अर्चना कर दुग्धाभिषेक किया। उन्होंने श्रीनाथजी मंदिर में भी विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। श्री शर्मा ने मुड़िया पूर्णिमा मेले के अवसर पर पूंछरी का लौठा में गोवर्धन परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं से आत्मीय मुलाकात की एवं उन्हें भक्ति भाव से भोजन प्रसादी भी वितरित की।

उल्लेखनीय है कि बजट 2024-25 में डीग-कुम्हेर-भरतपुर में 6 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से सांवई खेड़ा डिप्रेशन से गोवर्धन ड्रेन तक पानी लिफ्ट कार्य की घोषणा की गई है। इस सौगात के लिए क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक डॉ शैलेश सिंह, नौक्षम चौधरी, बहादुर सिंह कोली सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित होकर सफेद सीमेंट के कट्टों से भरा ट्रेलर पलटा



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** जयपुर आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित डहरा मोड़ पुलिस चौकी के सामने पीओपी सफेद सीमेंट के कट्टों से भरा ट्रेलर वाहन को बचाने के प्रयास में व राजमार्ग पर गड्ढा होने से अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रेलर के पलटने से ट्रेलर में रखे सीमेंट के कट्टे राजमार्ग पर फैल गए। गनीमत यह रही कि हादसे के समय आसपास से कोई वाहन नहीं गुजरा, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया ट्रेलर के पलटते ही आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर पहुंचे और ट्रेलर चालक और खलासी को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

पुलिस के अनुसार शनिवार की दोपहर को नेशनल हाईवे पर सेबर थाना क्षेत्र के गांव बांसी निवासी ट्रेलर चालक देवकीनंदन दौसा से नेपाल के लिए सफेद कट्टे भरकर ले जा रहा था जैसे ही ट्रेलर डहरा मोड़ पुलिस चौकी पर पहुंचा, तो ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे की तेज आवाज सुनकर पुलिस और आसपास के दुकानदार सहित राहगीर मौके पर पहुंचे। जहां केबिन से चालक और खलासी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। वही ट्रेलर के पिछले हिस्से में भरे पीओपी के कट्टे हाईवे पर फैल गए फैले कट्टों को हाईवे से साइड कराकर वाहनों के आवागमन को सुचारू करवाया गया।

### डेटा खपत में रिलायंस जियो बना दुनिया का नंबर वन नेटवर्क, चीनी कंपनियों से आगे निकला

- **डेटा खपत जून तिमाही में 4400 करोड़ जीबी से अधिक रहा**
- **करीब 33 फीसदी से ज्यादा बढ़ी डेटा की खपत**
- **हर ग्राहक औसत 1 जीबी प्रतिदिन कर रहा इस्तेमाल**




**चमकता राजस्थान। नई दिल्ली।** रिलायंस जियो ने डेटा खपत के मामले में दुनिया की नंबर वन कंपनी बनने का खिताब हासिल किया है। जून तिमाही में जियो नेटवर्क पर डेटा खपत 44 एक्साबाइट (4400 करोड़ जीबी) तक पहुंच गया, जो पिछले साल के मुकाबले 33 फीसदी ज्यादा है। हर ग्राहक औसत 1 जीबी प्रतिदिन डेटा का उपयोग कर रहा है।

तिमाही नतीजों पर रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश एम अंबानी ने कहा, 'गुणवत्तापूर्ण उच्च कवरेज वाला, किफायती इंटरनेट डिजिटल इंडिया की रीढ़ है और जियो का इसमें योगदान देने पर गर्व है। हमारे नए प्रीपेड प्लान, 5जी और एआई के क्षेत्र में इनोवेशन और सतत विकास को को बढ़ावा देंगे। 'कस्टमर फर्स्ट' दृष्टिकोण के साथ, अपने बेहतर नेटवर्क और नए सेवा प्रस्तावों के दम पर जियो अपनी मार्केट लीडरशिप को और मजबूत करेगा।'

कंपनी के पास 49 करोड़ ग्राहक हैं, जिनमें से 4 करोड़ पिछले साल जुड़े हैं। जियो ने फिक्स्ड वायरलेस के क्षेत्र में भी 10 लाख से अधिक घरों और परिसरों को एयरफाइबर से जोड़कर कीर्तिमान स्थापित किया है। वॉयस कॉलिंग में भी जियो ने तिमाही में 1.42 ट्रिलियन मिनट का रिकॉर्ड बनाया।

## परिस्थितियाँ नहीं सुधरी तो ग्रामीण करेंगे धरना प्रदर्शन

# अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान व युवा आक्रोशित

- **झड़वासा में बिजली कटौती पर संबन्धित अधिकारीयों के जवाब से बिजली उपभोक्ता भी असंतुष्ट**

## नसीराबाद थ्री फेज सप्लाई भी बराबर नहीं होने से आमजन व पशुओं के पीने के पानी की आपूर्ति ठप, सार्वजनिक नल भी सुने पड़े

चमकता राजस्थान/ रघुनन्दन पारीक



**श्रीनगर।** झड़वासा कस्बे सहित धोलादांता (देराठू), चाट, जगपुरा (ढाणी) में पिछले कई दिनों अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण जोरदार परेशान है व युवा भी आक्रोशित है

झड़वासा में शनिवार को अघोषित बिजली को लेकर युवाओं में जोरदार आक्रोश देखा गया बिजली विभाग के खिलाफ नारे लगाते हुए झड़वासा के सैतान सिंह गौड, राकेश पँवार, सांवर लाल खारोल व बुद्ध सिंह गौड ने बताया बिजली विभाग इस बार तो झड़वासा में अघोषित बिजली कटौती की सारी हदें पार कर दी है बताया की 24 घंटो में 10 से 15 घंटे भी सप्लाई नहीं आती है और जो भी सप्लाई आती है वो इतने कम वोल्टेज होते है की उससे पंखे भी रो रो कर चलते है। और तो और पिछले दिनों से थ्री फेज सप्लाई भी बराबर नहीं होने से आमजन व पशुधन पीने के पानी व किसानों में सिचाई को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा और बताया की झड़वासा विद्यालय में 700 बच्चे है और एक हॉल में 50 से 60 बच्चे बैठते ऐसे में अगर ऐसी भयंकर गर्मी और सफोकेशन में घंटो बिजली कटौती से किसी बच्चे को कुछ हो गया तो कौन जिम्मेवार होगा और बताया की और तो और इस अघोषित कटौती को लेकर संबधित बिजली अधिकारीयों से फोन पर बात करने की कोशिश करते है तो अव्वल तो फोन उठाते ही नहीं है और अगर फोन उठाते है तो कभी भी संतोष प्रद जवाब ही नहीं देते और बताया की इस अघोषित बिजली कटौती से परेशान होकर सोमवार को सरपंच की अगुवाई में जिला कलेक्टर व अजमेर डिस्कॉम को ग्रामीणों के साथ प्रार्थना पत्र पेश कर अघोषित बिजली सप्लाई को लेकर अवगत करवाकर अव्यवहारिक और गैर जिम्मेवार बिजली कर्मचारी व अधिकारीयों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की जाएगी प्रशासनिक कार्यवाही पर भी झड़वासा में 24 घंटे निर्बाध घरेलू बिजली सप्लाई नहीं आती है और कटौती नहीं रूकती है तो डबल इंजन राजस्थान सरकार व बिजली विभाग के खिलाफ झड़वासा के ग्रामीणों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

### ● इनका कहना है :-

» हमारी तरफ से पूरी कोशिश होती है की हम थ्री व सिंगल फेज की सुविधा प्रत्येक उपभोक्ताओं को सुविधा पूर्वक दे फिर भी हमारे उपभोक्ता को सप्लाई को लेकर कोई परेशानी है उसके समाधान की पूरी कोशिश की जाएगी

**मनीष दत्ता**
सहायक अभियंता नसीराबाद

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929